दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 44
कोटद्वार रविवार
4 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


# बालेश्वर में रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म, अब तक 288 लोगों की मौत

**ओडिशा, एजेंसी।** ओडिशा में कोरोमंडल एक्सप्रेस (12841-अप) शुक्रवार शाम को बालेश्वर जिला अंतर्गत बाहानगा स्टेशन से दो किमी दूर पनपना के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक, ओडिशा में तीन ट्रेनें दुर्घटनाग्रस्त हो गई हैं। इस हादसे में 288 लोगों की मौत हो गई। फिलहाल, राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

बालेश्वर में हुए दर्दनाक हादसे के बाद खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटनास्थल का जायजा लिया। उनके साथ दो केंद्रीय मंत्री- धर्मेंद्र प्रधान और अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। इसके बाद वे बालेश्वर सदर अस्पताल एवं कटक एससीबी मेडिकल कालेज का भी दौरा करेंगे।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भी शनिवार की सुबह दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे, ठउ्रथ्, रउ्रथ् की टीम बचाव कार्य में जुटी है। फिलहाल, हमारा ध्यान बचाव कार्य पर है। राहत और बचाव कार्य खत्म होने के बाद ही बहाली का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। पहले से ही बहाली के लिए मशीनें तैनात हैं।

बेंगलुरु से हावड़ा जा रही एक्सप्रेस के साथ कोरोमंडल एक्सप्रेस की टक्कर हुई। खड़गपुर डीआरएम ने इसकी पुष्टि की है। पहले कोरोमंडल एक्सप्रेस बेपटरी हुई थी, जिससे बेंगलुरु हावड़ा एक्सप्रेस की टक्कर हुई। इस दुर्घटना में दोनों ट्रेन के 12 कोच बेपटरी हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे पर दुख जताया है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी शनिवार को दुर्घटनास्थल पर पहुंचीं। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन में एंटी कोलिशन डिवाइस नहीं था। अगर वह होता तो यह हादसा नहीं होता। हमारे राज्य के जिन लोगों की इस हादसे में मृत्यु हुई है, उनके परिजनों को हम पांच-पांच लाख रुपए देंगे।

ओडिशा स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, अबतक 1175 मरीजों को निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया था, जिनमें से 793 मरीजों को छुट्टी दे दी गई है, जबकि 382 मरीज अस्पताल में हैं, जिनमें से 2 की हालत गंभीर है, बाकी सभी की हालत स्थिर है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और युवा कल्याण एवं खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मुलाकात की। इस दौरान तमिलनाडु के परिवहन मंत्री एसएस शिवशंकर भी मौजूद रहे। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ममता बनर्जी द्वारा दिए गए आंकड़ों पर असहमति जताई और कहा कि यह समय राजनीति करने का नहीं है। ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप जेना ने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन लगभग पूरा हो चुका है। आखिरी बोगी का ऑपरेशन शुरू हो गया है। अभी तक मरने वालों की संख्या लगभग 288 हो चुकी है। 800 घायलों का इलाज चल रहा है। बालेश्वर ट्रेन दुर्घटना में मरने वालों की संख्या को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एक-दूसरे से असहमत हैं। ममता बनर्जी ने 500 की जानकारी दी, जबकि अश्विनी वैष्णव ने 238 का आंकड़ा बताया।नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारुक अब्दुल्ला ने बालेश्वर ट्रेन दुर्घटना में रिटायर जज की निगरानी में जांच की मांग की।



**बालासोर जिले में कोरोमंडल एक्सप्रेस, बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी के पटरी से उतरने की जगह पर बचाव अभियान चल रहा है। अधिकारियों के अनुसार कम से कम 233 लोग मारे गए और 900 अन्य घायल हो गए।**

## ओडिशा रेल हादसा : मृतकों के परिवार को मिलेंगे 12-12 लाख रुपए, दुर्घटना स्थल का दौरा करेंगे पीएम मोदी

**बालासोर , एजेंसी।** ओडिशा के बालासोर में दो यात्री ट्रेनों और एक मालगाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद बचाव कर्मी फंसे लोगों को बचाने में लगे हैं। इस दुर्घटना में 288 लोगों की मृत्यु हो गई और 1000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। भुवनेश्वर में ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप जेना ने कहा कि अब तक 1000 लोगों के घायल होने की सूचना है, उनका इलाज चल रहा है। 288 लोगों के शव बरामद हुए हैं। राहत और बचाव कार्य जारी है। एनडीआरएफ, ओडीआरएफ और दमकल विभाग की टीम मौके पर मौजूद हैं। वहीं इस दुर्घटना के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक बुलाई है। सरकारी सूत्रों के हवाले से मीडिया में यह खबर चल रही है। सूत्र के हवाले से मीडिया ने यह खबर दी है कि पीएम नरेंद्र मोदी आज ओडिशा जाएंगे। पहले वह बालासोर में दुर्घटनास्थल का दौरा करेंगे और फिर कटक के अस्पताल का दौरा करेंगे।

## रेल दुर्घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, घायलों से मुलाकात के बाद बोले पीएम मोदी

**बालेश्वर:** ओडिशा में बालेश्वर जिला मुख्य चिकित्सालय में एक स्थानीय न्यूज चैनल से बातें करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उड़ीसा के बालेश्वर में घटित रेल दुर्घटना दिल को दहला देने वाली हैं।जो लोग अपने परिवार को खो चुके हैं, उन्हें हम वापस तो नहीं ला सकते, लेकिन रेल दुर्घटना के दोषियों को कभी बख्शा नहीं जाएगा, उन्हें सख्त से सख्त सजा दी जाएगी`उन्होंने उड़ीसा वासियों को इस दुख की घड़ी में कंधे से कंधा मिलाकर लोगों को सहयोग करने के लिए धन्यवाद किया था।

## हाईकोर्ट का अनोखा फरमान, रेप पीड़िता की कुंडली में मांगलिक दोष है या नहीं, जांचने के दिए आदेश

**नई दिल्ली , एजेंसी।** हाईकोर्ट ने लखनऊ विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग को दुष्कर्म पीड़िता की कुंडली की जांच का आदेश दिया है। यह आदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बृजराज सिंह ने आरोपी गोविंद राय उर्फ मोनू के जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिया है। लखनऊ के थाना चिनहट में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी और पीड़िता की शादी पारिवारिक रजामंदी से तय हुई थी। इसी दौरान विवाह से पहले दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत और वीडियो कॉलिंग होने लगी। इसी दौरान पीड़िता के पिता का देहांत हो गया। इस मौके पर अपनी मां के साथ शोक संवेदना व्यक्त करने आए आरोपी ने शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए और घर वापस लौटने के बाद शादी करने से इन्कार करते हुए पीड़िता की आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी थी, जिसके विरूद्ध पीड़िता ने प्राथमिकी दर्ज करवा दी थी, आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया था।

उच्च न्यायालय में आरोपी के जमानत प्रार्थना पत्र पर बहस करते हुए आरोपी की अधिवक्ता कहना था कि आरोपी की शादी पारिवारिक सहमति से ही तय होनी थी। दोनो की कुंडली मिलान के लिए एक दूसरे के परिजनों को दी गई थी।

## धीरेंद्र शास्त्री पर की अमर्यादित टिप्पणी, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

**लक्सर, एजेंसी।** बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र शास्त्री पर सोशल मीडिया पर अमर्यादित टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसके पास से एक मोबाइल बरामद किया है। जिसे फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है।

शुक्रवार को भाजपा युवा मोर्चा के खानपुर मंडल अध्यक्ष अक्षय पंवार के नेतृत्व में विकास चौधरी, अर्जुन सैनी, देवेश चौधरी, दीपक रोशवाल ने कोतवाली पहुंचकर प्रदर्शन किया था। साथ ही एक शिकायती पत्र देते हुए एक युवक द्वारा बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र शास्त्री के ऊपर अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप लगाया था। कहा था कि युवक की इस हरकत से हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आघात पहुंचा है।ऐसा करके कुछ लोग माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि जावेद अली निवासी मुंडाखेड़ा खुर्द के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। बताया कि अगर किसी ने माहौल खराब करने का प्रयास किया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




# शीशमबाडा प्लांट के गेट पर तालाबंदी कर किया प्रदर्शन, सेलाकुई बाजार रहा पूरी तरह बंद

विकासनगर। शीशमबाड़ा प्लांट से निकल रही दुर्गंध से परेशान लोगों का गुस्सा शनिवार को फूट पड़ा। पछुवादून संयुक्त समिति के आह्वान पर सेलाकुई बाजार पूरी तरह से बंद रहा। संयुक्त समिति के नेतृत्व में आंदोलनकारियों ने शीशमबाड़ा प्लांट के दोनों गेटों पर तालाबंदी कर प्लांट के गेट के सामने धरना प्रदर्शन किया। संयुक्त समिति ने ऐलान किया है कि जब तक जिलाधिकारी देहरादून धरना स्थल पर पहुंचकर उनकी समस्याओं को नहीं सुनती और प्लांट को अन्यत्र नहीं हटाती तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। उधर, धरनास्थल पर पहुंचे आइंविपा के कार्यकर्ताओं को राजनीतिक बयान देने पर पछुवादून संयुक्त समिति ने उन्हें बैरंग वापस लौटा दिया।



शासन–प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद अब तक शीशमबाड़ा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को अन्यत्र स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। प्लांट से उठ रही दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। ऐसे में आक्रोशित लोगों ने पछुवादून संयुक्त समिति के आह्वान पर व्याापार मंडल के सहयोग से सेलाकुई बाजार, निगम रोड, हरिपुर, प्रगति विहार, जमनपुर बाजार सहित पूरा संपूर्ण सेलाकुई में पूरी तरह से बंद रखा। आने जाने वाले यात्रियों को पीने का पानी तक नहीं मिल सका। दिनभर लोग इधर–उधर भटकते रहे। उधर, पछुवादून संयुक्त समिति के आह्वान पर सेलाकुई के लोगों ने बड़ी संख्या में शीशमबाड़ा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट पर पहुंचकर प्लांट के दोनों गेटों पर तालाबंदी कर दी। प्लांट के गेट पर प्रदर्शन कर नगर निगम, जिला प्रशासन व शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में गुस्साये लोगों ने प्लांट के गेट के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर ऐलान किया है कि जब तक जिलाधिकारी देहरादून मौके पर पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण नहीं करेंगी, तब तक धरना–प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अपने वायदे के अनुसार प्लांट को शासन प्रशासन तत्काल अन्यत्र शिफ्ट करे।

## मिशन लाइफ अभियान से पर्यावरण संरक्षण का आह्वान

देहरादून। सेलाकुई स्थित दून(पीजी.) एग्रीकल्चर कालेज परिसर में आईजीएनएफए के सहयोग से केन्द्र सरकार के पर्यावरण के प्रति समर्पित मिशन लाइफ अभियान के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें फॉरेस्ट अकादमी के 2022 बैच के 12 प्रोबेसनर्स ने प्रश्नोत्तर व समूह चर्चा से पर्यावरण को लेकर जानकारी प्रदान की। कालेज परिसर में छात्रों, प्राध्यापकों व प्रोबेसनर्स ने पर्यावरणीय महत्व की औषधीय पौधों का रोपण किया। छात्रों को इको क्लब जैसे प्लेटफार्म बनाने को प्रेरित किया गया। संस्थान निदेशक डॉ. संजय चौधरी ने वर्तमान पीढ़ी के छोटे–छोटे प्रयासों से प्रकृति संरक्षण में योगदान का आह्वान किया। मौके पर एडमिन कोर्डिनेअर डॉ. सतीश चौधरी, परीक्षा नियंत्रक आरके. मिश्रा, डॉ. आर के शर्मा, हेड फॉरेस्ट्री डॉ. विशाखा सक्सेना उपस्थित रहे।

# विवि कुलपति ने किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण



नई टिहरी। श्रीदेव सुमन विवि के कुलपति प्रो.एनके जोशी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का । उन्होंने परीक्षा नियंत्रकों को परीक्षाओं को नकल विहीन संपन्न करवाने के निर्देश दिए। श्रीदेव समुन उत्तराखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों और संस्थानों में इन दिनों बीए,बीएस, बीकॉम की द्वितीय और तृतीय वर्ष के संस्थागत और व्यवसायिक पाठ्क्रमों की परीक्षाऐं संचालित हो रही है। शनिवार को विवि कुलपति प्रो. एनके जोशी ने धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेन्द्रनगर तथा आसपास के महाविद्यालयों के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करते हुये महाविद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों को परीक्षा को नकल विहीन संपन्न करवाने के साथ परीक्षा केंद्रों की गोपनीयता सुरक्षित रखने के निर्देश दिये। कुलपति ने कहा कि नकल विहिन परीक्षाऐं संपन्न करवाने के साथ समय से परीक्षा परिणाम घोषित करना विवि प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कुलपति ने शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रस्तावित व्यसायिक एंव कौशल विकास पाठ्यक्रमों के संचालन के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने महाविद्यालयों परीक्षा नियंत्रकों को छात्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरनी रखने को कहा। कहा किसी भी महाविद्यालयों और संस्थान में नकल की शिकायती मिली तो उसे हमेशा के लिये परीक्षा केंद्रों से वंचित कर दिया जाऐगा।

# सिंचाई कर्मचारी महासंघ ने खोला सरकार के खिलाफ मोर्चा

देहरादून। समूह ग के कार्मिकों के तबादले भी शासन स्तर से होने से सिंचाई कर्मचारी महासंघ ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। यदि भविष्य में कार्मिकों के तबादले शासन स्तर से किए गए तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन छेड़ दिया जाएगा।

शनिवार को महासंघ की यमुना कालोनी स्थित सिंचाई भवन में हुई बैठक में तबादलों पर रोष जताया गया। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पूर्णानंद नौटियाल और महामंत्री राकेश रावत ने कहा कि समूह ग के कार्मिकों के नियुक्ति अधिकारी विभागाध्यक्ष होते हैं। ऐसे में उनके तबादले का अधिकार विभागाध्यक्ष को ही हैं। इसके बावजूद तबादले शासन स्तर से किए जा रहे हैं। न केवल तबादले बल्कि अटैचमेंट के निर्णय भी शासन स्तर से हो रहे हैं। बैठक महासंघ के सभी घटक संगठनों के पदाधिकारियों ने समूह ग कार्मिकों के तबादले विभागध्यक्ष स्तर से ही कराए जाने की मांग की गई। जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल सिंचाई सचिव से मुलाकात कर इस विषय को उनके सामने रखेगा। बैठक में बीएस डांगी,अनिल पंवार, भुवनेश्वर प्रसाद बडोनी, निशंक सिरोही, विशनगिरी, राजेन्द्र सिंह नागरकोटी, सबर सिंह रावत, बीएस चौहान, ओमप्रकाश भट्ट, सतपाल सैनी, बृजमोहन बधानी, शेषनाथ यादव, राजेन्द्र सिंह पंवार आदि मौजूद रहे।

## पीएम से की रेल हादसे की जांच की मांग

देहरादून। संयुक्त नागरिक संगठन ने ओडिशा के बालासोर में रेल हादसे में मारे गए यात्रियों को श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही घायल यात्रियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। संगठन के महासचिव सुशील त्यागी और समानता मंच के विनोद नौटियाल ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि इस हादसे की त्वरित जांच की जाए,

## बागेश्वर उपचुनाव तैयारी में जुटी मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस

देहरादून। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने बागेश्वर उपचुनाव के लिए कमर कस दी है। इसी क्रम में आठ जून को प्रदेश अध्यक्ष और नेता विपक्ष बागेश्वर पहुंच रहे हैं, पार्टी पहले ही उपचुनाव के लिए पर्यवेक्षक की नियुक्ति कर चुकी है। कैबिनेट मंत्री चंदनराम दास के निधन से रिक्त बागेश्वर विधानसभा सीट पर 26 अक्तूबर से पहले उपचुनाव होना है, भारत निर्वाचन आयोग यहां कभी भी उपचुनाव की घोषणा कर सकता है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा और नेता विपक्ष यशपाल आर्य आठ जून को बागेश्वर पहुंच कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

# कैमाड़ा बुग्याल में हुआ दो दिवसीय जखोली मेला शुरू

विकासनगर। जौनसार बावर के कैमाड़ा बुग्याल में दो दिवसीय जखोली मेले का शनिवार को आगाज हुआ। पहले दिन करीब दस हजार लोग मेला स्थल पर पहुंचे। जबकि प्रवास पर निकले बाशिक महासू महाराज दो दिनों तक कैमाड़ा में ही विराजमान रहेंगे। मेले के पहले दिन लोक संस्कृति के अनुपम छटा देखने को मिली। पर्यटकों ने भी मेले का जमकर आनंद लिया, जबकि दूर–दराज से आए लोगों ने बाशिक महासू महाराज की देव पालकी को कांधा लगाकर धार्मिक परंपरा का निर्वहन किया। देवदार के घने जंगल के बीच कैमाड़ा बुग्याल में आयोजित दो दिवसीय जखोली मेले के पहले दिन शनिवार को जौनसार–बावर, उत्तरकाशी, टिहरी, हिमाचल प्रदेश से लोग जखोली मनाने पहुंचे। यहां हर साल मेले में बाशिक महासू महाराज की देव पालकी श्रद्धालुओं को दर्शन देने पहुंचती है। शनिवार को मेले में आए हजारों लोगों ने बाशिक महाराज की पालकी पर पुष्प वर्षा कर परपंरागत तौर से स्वागत किया। जखोली मनाने आए ग्रामीणों ने हारुल के साथ ढ़ोल–दमोऊकी थाप पर तांदी–नृत्य कर देव स्तुति की। मेले में देर शाम तक लोक संस्कृति के अनूठे रंग देखने को मिले। देव पालकी को कांधा लगाने के लिए लोगों में होड़ मची रही। मेले में पहुंचा हर कोई देवता से आशीर्वाद लेने को उत्सुक दिखा। मेले में युवाओं के उत्साह के साथ ही पुरानी पीढ़ी की परंपराएं भी बदस्तूर निभाई गईं। बुजुर्ग महिला पुरुषों के साथ युवाओं ने तांदी, रासों नृत्य कर देवदार के घने जंगल में मंगल कर दिया। रात भर लोगों ने खुले आसमान के नीचे जागरण कर बाशिक महासू महाराज की स्तुति की।



## एक नजर

### स्वास्थ्य शिविर में 126 लोगों की जांच, दवा दी

देहरादून। हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट की ओर से पौड़ी गढ़वाल के गांव तोली दुधारखाल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 126 लोगों को परामर्श दिया गया और उनकी मुफ्त जांच एवं दवा दी गई। हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेज (एचआईएमएस) के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की ओर से गौरी हिमालयन स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी व हिमालयन संजीवनी क्लिनिक में शिविर आयोजित किया गया। विभाग की डॉ. नेहा शर्मा ने महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के साथ उन्हें स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। हड्डी रोग विभाग के डॉ. अक्षय दुआ ने मरीजों को घुटने और कंधे के व्यायाम की जानकारी दी। डॉ. अपूर्वा भंडारी ने मरीजों को नाक, कान, गले, डॉ.शेखर ने विभिन्न समस्याओं से ग्रसित रोगियों को परामर्श दिया। ग्राम प्रधान विपिन धस्माना ने आभार जताया। इस दौरान शैलेश भट्ट, शिवांगी चौहान, आदित्य त्यागी, अदिती, आकाश कृषाली, राहुल नेगी, मस्तराम आदि का सहयोग रहा।

### स्ट्रीट लाइटों की शिकायतों पर सुनवाई बंद

देहरादून। नगर निगम के वार्डों में स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का काम एक जून से ठप है। पार्षदों और जनता की ओर से दर्ज हो रही शिकायतों का निस्तारण नहीं हो पा रहा। बेकलॉग ज्यादा बढ़ा तो नगर निगम और आम जनता के लिए दिक्कतें खड़ी हो जाएंगी। निगम के सौ वार्डों से खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत को लेकर औसतन रोजाना तीन सौ से चार सौ शिकायतें सीएम पोर्टल, डीएम कार्यालय, ईईएसएल कंपनी के पोर्टल, नगर निगम और पार्षदों के माध्यम से दर्ज हो रही थी। लेकिन ईईएसएल कंपनी से आगे मरम्मत का काम लेने वाली निजी कंपनी ने मरम्मत का काम बंद कर दिया है। इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। नगर निगम ने किसी दूसरी कंपनी को यह काम सौंपने का निर्णय लिया है। लेकिन टेंडर प्रक्रिया पूरी होने तक मरम्मत का काम बंद रहने की संभावना है। पथ प्रकाश अनुभाग के पास मरम्मत का सामान नहीं होने की वजह से कर्मचारी लाइटें ठीक नहीं करवा पा रहे।

# वनस्पति विज्ञान विभाग परिषद का गठन , श्वेता अध्यक्ष और अंशिका बनीं सचिव

ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश में सत्र 2023 के लिए वनस्पति विज्ञान विभाग परिषद का गठन किया गया। इसमें श्वेता पेटवाल को अध्यक्ष और अंशिका कंडियाल को सचिव बनाया गया। शनिवार को श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश में वनस्पति विज्ञान विभाग परिषद की बैठक में सत्र 2022 23 के लिए वनस्पति विज्ञान परिषद का गठन किया गया।



अध्यक्ष और सचिव के अलावा सोनाली रावत को उपाध्यक्ष, गौरव काला को संयुक्त सचिव, राधिका नवानी को उप सचिव, सूरज को कोषाध्यक्ष बनाया गया। एमएससी से प्राची थपलियाल, प्रतिभा वर्मा, कमलेश जोशी एवं अक्षत बिंजोला, बीएससी से अदिति राणा, स्वेता चौरसिया, शिखा, अनुज खंडूड़ी, आशीष सिंह नेगी एवं विजय कटिहार को कक्षा प्रतिनिधि चयनित किया गया। प्राचार्य महावीर सिंह रावत और वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागध्यक्ष प्रोफेसर जीके ढींगरा ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। मौके पर विभाग के प्रो. बीडी पांडे, प्रो. नवीन शर्मा, प्रो. इंदु तिवारी, डॉ. शालिनी रावत, डॉ. एसके कुड़ियाल, डॉ. प्रीति खंडूड़ी आदि रहे।

## प्रसव सुविधा के लिए 50 बेड का अस्पताल शुरू होगा

ऋषिकेश। श्री सत्य साईं शिक्षा एवं स्वास्थ्य ट्रस्ट के श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में प्रसव सुविधा के लिए जल्द ही 50 बेड के हॉस्पिटल की शुरुआत होगी। शनिवार को रायवाला स्थित अस्पताल की एचओडी डॉ. प्रणति दास ने प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में कहा कि ट्रस्ट द्वारा अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। बीते तीन माह में 80 गर्भवती महिलाओं का सफल व सुरक्षित प्रसव कराया गया है।

गर्भवती महिलाओं में खून की कमी प्रमुख समस्या है। कहा कि महिलाओं की देर से शादी और जंक फूड के सेवन का असर उनके नवजात शिशुओं में देखने को मिलता है। हॉस्पिटल की प्रबंधक उषा रतूड़ी ने कहा कि अस्पताल का मुख्य उद्देश्य सुदूर पहाड़ी क्षेत्रों और गरीब तबके के लोगों तक महिला एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल ऋषिकेश क्षेत्र का पहला ऐसा अस्पताल है, जिसमें कैश काउंटर नहीं है। हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी और शिशु आईसीयू भी चालू है।

# आइंविपा ने किया प्रदेश सरकार के खिलाफ सेलाकुई बाजार में प्रदर्शन



विकासनगर। आइंविपा ने सेलाकुई बाजार में प्रदेश सरकार और व्यापार मंडल सेलाकुई के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि प्रदेश सरकार अतिक्रमण हटाने के नाम पर लोगों के घरों को उजाड़ रही है। जिसके खिलाफ वे सड़क पर उतर कर आंदोलन करेंगे। कहा कि शीशमबाड़ा प्लांट को लेकर जो लोग बंद और धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, वे प्लांट को हटाना ही नहीं चाहते। इसलिए उनका समर्थन नहीं लिया गया। शीशमबाड़ा से लौटने के बाद आइंविपा कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष आकिल अहमद के नेतृत्व में सेलाकुई बाजार में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अहमद ने कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ सड़क से लेकर संसद तक और जरूरत पड़ने पर कोर्ट तक जायेंगे।

## शताब्दी के बजाय वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रियों की दिलचस्पी

देहरादून। वंदे भारत एक्सप्रेस के आगे शताब्दी एक्सप्रेस फीकी पड़ने लगी है। यात्री शताब्दी के बजाय वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर करने में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं। इस ट्रेन में जून मध्य तक की सभी सीटें पैक हो चुकी हैं। जबकि शताब्दी में छह जून के बाद सीटें खाली चल रही हैं। देहरादून–दिल्ली के बीच 29 मई से वंदे भारत एक्सप्रेस चल रही हैं। बुधवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलने वाली इस ट्रेन में सफर के लिए यात्रियों में खूब उत्साह दिखा रहे हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस देहरादून से सुबह सात बजे चलती हैं, जो पूर्वाह्न 11 बजकर 45 मिनट पर दिल्ली पहुंचती है। शताब्दी की अपेक्षा यह ट्रेन एक घंटे 10 मिनट पहले दिल्ली पहुंचती है। जबकि शताब्दी शाम चार बजकर 55 मिनट पर दून से चलती है और रात दस बजकर 50 मिनट पर दिल्ली पहुंचती है। वंदे भारत में शताब्दी की तुलना में ज्यादा भी सुविधाएं हैं, इसीलिए यात्री इसमें सफर को लेकर उत्साह दिखा रहे हैं। देहरादून से दिल्ली जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के एसी चेयरकार (सीसी) और एग्जीक्यूटिव (ईसी) में 15 जून तक की सभी सीटें फुल हो गई थीं। इसके बाद 16 जून को कुछ सीटें खाली हैं, 17, 18 और 19 जून की भी सभी सीटें पैक हो चुकी हैं।

## दर्जनों महिलाओं ने यूकेडी की सदस्यता ग्रहण

देहरादून। शनिवार को यूकेडी के केन्द्रीय कार्यालय में हुए एक कार्यक्रम में कई महिलाओं ने यूकेडी की सदस्यता ग्रहण की। दल की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा सुलोचना ईष्टवाल के प्रयासों से दर्जनों महिलाएं यूकेडी महिला प्रकोष्ठ में शामिल हुई। उन्होंने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि महिलाओं के संघर्षो से ये राज्य प्राप्त हुआ, अब एक बार पुनः मातृ शक्ति के बदौलत राज्य को बचाना हैं। कार्यकारी अध्यक्ष एपी जुयाल ने कहा कि राज्य के मुद्दों पर लड़ने के लिए यूकेडी श्रेष्ठ मंच है। केंद्रीय उपाध्यक्ष सुनील ध्यानी ने कहा कि यूकेडी की मजबूती ही महिलाएं हैं।

# आपदा में स्विच ऑफ करने पर होगी कार्रवाईः डीएम

नई टिहरी। आगामी मानसून सत्र अवधि में सम्भावित आपदाओं के दृष्टिगत विभागीय आवश्यक व्यवस्थाओं एवं तैयारियों को लेकर डीएम डा. सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को मानसून सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व सभी आपदा तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सख्त हिदायत दी कि मानसून सत्र में किसी भी अधिकारी के फोन स्विच आफ करने और बिना बताये छुट्टी जाने पर कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। नरेंद्रनगर सिंचाई विभाग के ईई की बैठक में अनुपस्थिति डीएम ने नाराजगी जाहिर की। आपदा तैयारियों को जिला सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने जिले के समस्त एसडीएम एवं रेखीय विभागों के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवदेनशील भूस्खलन वाले जोन, डम्पिग जोन, स्थाई/अस्थाई हैलीपैड, जेसीबी लोकेशन एवं ऑपरेटर के फोन नम्बर, सड़क अवरूद्ध होने की स्थिति में वैकल्पिक मार्ग को चिन्हित करने, राहत शिविर चिह्निकरण, ड्रैनेज व्यवस्था, आपदा सम्भावित घर, परिवारों और स्थलों को चिन्हित कर समयान्तर्गत आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। आपदा सम्भावित प्रभावित परिवारों की मैपिंग कर ली जाय, सैटेलाइट फोन रिचार्ज एवं क्रियाशील रखें।



# जागरूकता को लेकर साइकिल यात्रा अभियान चलाया

नई टिहरी। विश्व साइकिल दिवस पर टिहरी वन विभाग की ओर से कौडिया रेंज के सिवाली पातन अनुभाग में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता को लेकर साइकिल यात्रा अभियान चलाया। वन कर्मचारियों ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण हेतु आगे आने की अपील की। शनिवार को विश्व साइकिल दिवस टिहरी वन प्रभाग के कौडिया रेंज के सिवाली पातन में चार किमी. पैदल ट्रैक रूट पर वन विभाग के कर्मचारियों ने साइकिल यात्रा अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।



अनुभाग अधिकारी अजयपाल पंवार ने बताया कि वन विभाग की ओर से ठांगधार ईको पार्क में विश्व साइकिल दिवस पर करीब चार किमी. पैदल ट्रैक पर विभाग के कर्मचारियों ने साइकिल यात्रा निकालकर पर्यटकों और लोगों से पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वाहनों से निकलने वाली गैस पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही है,कहा कि पर्यटक और स्थानीय लोग साइकिल से यात्रा कर पहाड़ों में प्राकृति का आंनद उठा सकते है, और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को काफी कम किया जा सकता है। मौके पर अवनीश कुमार मान सिंह राणा, अरुण उनियाल, दिनेश कुमार, नरेन्द्र नेगी, नीलम, कर्ण सिंह, अरुण डोभाल आदि मौजूद थे।

## किसान यूनियन ने घोषित की प्रदेश कार्यकारिणी

देहरादून। भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र दत्त शर्मा ने प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। कार्यकारिणी में प्रदेश संरक्षक हरिकिशन किमोठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आमेश राम मन्हास, उपाध्यक्ष यामीन, हेमा बोरा, राव नसीम, चौधरी ओमवीर सिंह तोमर, कानूनी सलाहकार यशस्वी शर्मा को बनाया गया।

इसके अलावा प्रदेश प्रवक्ता नरेश कुमार गुप्ता, महासचिव जगराम सिंह, वीके शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री सूर्य प्रकाश भट्ट, सचिव रोहित कुमार, संगीता थापा, उमेश कुमार कुकरेती, पंकज मौर्य, धर्मेंद्र पैन्यूली, आशीष सिंघल, रवि कुमार, फांसिस, अशोक कमार, संजय चौधरी और कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल को बनाया गया।

# निगम कर्मचारियों ने उठाई गोल्डन कार्ड बनाने की मांग

देहरादून। राज्य कर्मचारी महासंघ की बैठक में निगम एवं उपक्रमों में कार्यरत कर्मचारियों के गोल्डन कार्ड बनाने की मांग उठी। चेताया कि यदि जल्द गोल्डन कार्ड बनाने के लिए कैंप शुरू नहीं हुए तो कर्मचारी आंदोलन की रणनीति बनाएंगे। शनिवार को अरण्य विकास भवन में हुई बैठक में प्रदेश महामंत्री ललित शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड में वन विकास निगम की ओर से मुख्यालय देहरादून और टिहरी क्षेत्र के सभी कार्यालयों के कर्मचारियों के छह महीने के वेतन से चिकित्सा के लिए मानक दरों की कटौती की गई। इस कटौती को तीन से चार महीने का समय हो चुका है, लेकिन अभी तक गोल्डन कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं, जिससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजयकांत ने कहा कि कई निगमों में सातवां वेतनमान लागू होने के बावजूद आज तक मकान किराया भत्ता नहीं दिया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष सूर्य प्रकाश राणाकोटी ने एमएसीपी एवं स्टाफिंग पैटर्न भी कर्मचारियों के लिए लागू करने की मांग की है।

## 4 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार

**कोटद्वार** : कोतवाली व सीआईयू पुलिस ने 4 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे द्वारा जनपद में नशीले मादक पदार्थों एवं ड्रग्स की बढ़ती प्रवृति पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अवैध तरीके से नशीले पदार्थों की खरीद फरोख्त करने वालों के विरूद्ध चैकिंग अभियान चलाकर धर-पकड़ करते हुये वैधानिक कार्यवाही करने के आदेश दिये है। जिसके क्रम में कोटद्वार पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान नदीम उर्फ पौधा (उम्र 23 वर्ष) पुत्र नसीब निवासी लकडी पडाव, निकट मदीना मस्जिद, कोटद्वार को चार ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला, उपनिरीक्षक सूरत शर्मा, मुख्य आरक्षी योगेन्द्र भंडारी, उत्तम चौहान, संतोष कुमार आदि शामिल थे।

# रैली निकालकर दैनिक जीवन में साईकिल के उपयोग हेतु प्रेरित किया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : नेहरु युवा केन्द्र, पौड़ी गढ़वाल द्वारा विकासक्षेत्र दुगड्डा के मिनी स्टेडियम मोटाढाक में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल रैली निकालकर स्थानीय निवासियों को अपने दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग हेतु प्रेरित किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल चंद्रपाल पटवाल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर मिनी स्टेडियम मोटाढ़ाक कोटद्वार से रवाना किया। रैली का समापन किशनपुर चौराहे पर किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि साइकिल परिवहन का ऐसा विकल्प है जो मनुष्य को स्वस्थ जीवन देता है साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ रखता है। साथ ही शरीर के हर अंग को मजबूती प्रदान करता है। नियमित साइकिल चलाने से मनुष्य का शारारिक एवं मानसिक संतुलन भी बना रहता है। मिनी स्टेडियम मोटाढ़ाक के फुटबॉल कोच सिद्धार्थ रावत ने युवाओं को स्वस्थ रहने के प्रति जागरुक किया।



मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल चंद्रपाल पटवाल साईकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

कहा कि साइकिल चलाने से स्वयं को फिट रखा जा सकता है। साइकिल रैली में दुर्गापुर, घमण्डपुर, शिवराजपुर, मोटाढ़ाक, शिवपुर, कलालघाटी, उदयरामपुर आदि के युवाओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर एनआईसी के हॉकी कोच तेजेन्द्र रावत, स्टेडियम के खिलाड़ी मनन नेगी, रुचिन गुसांई, अभिमन्यु नेगी, शंकर थापा, तनुज रावत, सोहित नेगी आदि

## डॉ. उनियाल को मिली रजिस्ट्रार की जिम्मेदारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जीबी पंत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी घुड़दौड़ी में रजिस्ट्रार की जिम्मेदारी डॉ. आशीष उनियाल को सौंपी गई है। इंजीनियरिंग कॉलेज की महिला असिस्टेंट प्रोफेसर मौत प्रकरण के बाद सरकार ने कॉलेज के निदेशक और ईसीई के विभागाध्यक्ष को पद से हटाते हुए अन्यंत्र संबद्ध कर दिया था और कॉलेज के निदेशक की जिम्मेदारी डॉ. वीएन काला को सौंपी गई थी। काला ने शासन के निर्देशों पर बीती 28 मई को कॉलेज के निदेशक चार्ज लिया था। काला के पास पहले से ही रजिस्ट्रार की भी जिम्मेदारी थी। निदेशक बनने के बाद दोनों ही पद वीएन काला के पास ही आए गए थे। अब उन्होंने रजिस्ट्रार की जिम्मेदारी कॉलेज के ही एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आशीष उनियाल को सौंप दी है। डॉ. उनियाल के पास यह अतिरिक्त प्रभार रहेगा।

# संगोष्ठी में डेढ़ दर्जन प्रस्ताव पारित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : उत्तराखंड निर्माण फाउंडेशन व उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन राष्ट्रीय मोर्चा के तत्वाधान में राज्य आंदोलनकारी और यूकेडी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. शक्ति शैल का कपरवाण के जन्म दिवस पर शनिवार को विकास नीति कण्वाश्रम से केदारखंड तक विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि उत्तराखंड के समाजसेवी सत्यप्रकाश थपलियाल ने कहा कि डॉ. कपरवाण एक संघर्षशील, प्रगतिशील, ईमानदार, साफ छवि के नेता हैं और वर्तमान में प्रदेश की विषम परिस्थितियों में उत्तराखंड को उनकी जरूरत है।

नजीबाबाद रोड डिफेंस कॉलोनी में सरस्वती सदन में आयोजित संगोष्ठी में भू-कानून, चकबंदी को लागू करना, उत्तराखंड में धारा 371 व मूल निवास 1950 को लागू करना, पहाड़ों के लिए पृथक विकास योजनाओं का निर्माण करना, उत्तराखंड के प्राचीन मठ मंदिरों को विकसित करना, गढ़वाली कुमाऊनी भाषा का विकास करना, कण्व आश्रम को राष्ट्रीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना, कालागढ़-कोटद्वार-चिल्लर खाल-लालढांग मार्ग को नेशनल हाईवे बनाना, पहाड़ों से पलायन को रोकने के लिए आईटी पार्क और मझले उद्योगों को पहाड़ों में स्थापित करना, उत्तराखंड को भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त बनाने के लिए सशक्त लोकायुक्त का गठन करना, जल-जंगल-जमीन पर जनता के अधिकारों को सुनिश्चित करना, जल विद्युत योजना में उत्तराखंड को 50 प्रतिशत हिस्सा देने सहित डेढ़ दर्जन प्रस्ताव पारित किये गये। कार्यक्रम के संयोजक पार्षद प्रवेंद्र सिंह रावत, कैप्टन गोविन्द सिंह रावत, प्रकाश चन्द्र कोठारी, सुरेन्द्र लाल आर्य, योगम्बर सिंह रावत, प्रवेश चंद्र नवानी, गोविंद सिंह रावत, पीएल खंतवाल, चक्रधर कंडवाल, हर्षिता चमोला, पातीराम ध्यानी, महेंद्र पाल सिंह रावत, विजयपाल सिंह रावत, सुनील बहुखंडी, बसंती रावत आदि मौजूद थे।

# कोटद्वार विस की समस्याओं पर की चर्चा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नागरिक मंच के पदाधिकारियों व सदस्यों की मासिक बैठक में कोटद्वार विधानसभा की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर कोटद्वार से दिल्ली के लिए गढ़वाल एक्सप्रैस को रात्रि में संचालित करने व मसूरी एक्सप्रैस को पकड़ने के लिए कोटद्वार-नजीबाबाद के बीच लोकल ट्रेन संचालित करने की मांग की गई। चेतावनी दी कि उपरोक्त मांगों पर शीघ्र ध्यान न दिए जाने की स्थिति में मंच जनसहयोग से आंदोलन करने पर बाध्य होगा।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कोटद्वार विधानसभा के लिए राजनैतिक दलों की ओर से किए गए चुनावी वायदे अभी तक धरातल पर नहीं उतर पाए हैं, इस कारण आम जन में रोष पनप रहा है। कहा कि कोटद्वार को जिला बनाने, क्षेत्र में मेडिकल कालेज की स्थापना करने, चिलरखाल-हरिद्वार मोटर मार्ग निर्माण सहित कई घोषणाएं कागजों में ही सिमट कर रह गई हैं। नगर निगम की ओर से पदमपुर में पंचायत भवन में संचालित हो रहे उप डाकघर को बंद करने का आदेश जारी किया गया है, जो अनुचित है।

कहा कि खाली पड़े पंचायत घरों में सीएससी सेंटर खोले जाने चाहिए। बैठक में मंच अध्यक्ष सीपी नैथानी, महासचिव अतुल भट्ट, पूरण सिंह रावत, हरीश चंद्र भदूला, दिनेश जुयाल, राजेंद्र कोटनाला, देवव्रत काला, राकेश अग्रवाल, विजय माहेश्वरी, एसएन नौटियाल आदि थे।

## कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की कार्यकारिणी गठित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश कोटला ने प्रदेश अध्यक्ष दर्शनलाल के अनुमोदन के बाद विभाग की कार्यकारिणी का गठन किया।

कार्यकारिणी में प्रीति देवी को कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग का जिला महिला अध्यक्ष, विनीता भारती को नगर महिला अध्यक्ष, कविता देवी व गीता सिंह को भाबर मंडल महिला अध्यक्ष, प्रेमलाल अमोला को नगर उपाध्यक्ष, शिवम भूषण शाह को भाबर मंडल यूथ कांग्रेस अध्यक्ष, मोहन सिंह को उपाध्यक्ष पदमपुर, आशाराम को उपाध्यक्ष आम पड़ाव, अनिल अमोला को अध्यक्ष, महावीर सिंह ब्लाक द्वारिका, सुरेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष ध्रुवपुर ओर सुरेंद्र भारती को दुगड्डा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# समस्याओं के निस्तारण को लेकर कांग्रेस ने निकाली जनाक्रोश रैली

## एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोटद्वार शहर की विभिन्न समस्याओं का समाधान न होने पर कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। समस्याओं के निस्तारण को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी व नगर निगम महापौर हेमलता नेगी के नेतृत्व में झंडा चौक से तहसील तक जनाक्रोश रैली निकालकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर समस्याओं के निस्तारण की मांग का लेकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से देश की राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया।

झंडा चौक से रैली तहसील परिसर में पहुंची। इस मौके पर पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि कोटद्वार शहर अभी भी कई समस्याओं से जूझ रहा है। इन समस्याओं का निस्तारण आवश्यक है। कहा कि शासन-प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है, जिस कारण कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जनाक्रोश रैली निकालने पर मजबूर होना पड़ा। मौके पर कार्यकर्ताओं ने सड़कों की बदहाली को दूर करने, कोटद्वार में मेडिकल कालेज की अविलंब स्थापना करने, मसूरी एक्सप्रैस को पुनः बहाल करने, बेस अस्पताल में डाक्टरों की नियुक्ति करने व कोटद्वार नजीबाबाद मोटर मार्ग को ठीक कराने सहित अन्य मांगों के निस्तारण को लेकर प्रदर्शन किया। तत्पश्चात उपजिलाधिकारी के माध्यम से देश की राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया गया। रैली में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, विजय नारायण सिंह, सुनीता बिष्ट, शूरवीर खेतवाल, ओम प्रकाश कोटला, धीरेन्द्र बिष्ट, महावीर सिंह रावत, कुसुम असवाल, सुरेश असवाल, दिनेश रावत, शंकेश्वर प्रसाद, भोपाल सिंह अधिकारी, प्रवीन रावत, नत्थू सिंह अधिकारी, नरेन्द्र सिंह नेगी, पपेन्द्र सिंह नेगी, देवेन्द्र सिंह रावत, पूरन चंद, जितेन्द्र बिष्ट, पार्षद गीता नेगी, कविता मित्तल, सूरज कांति, नईम अहमद, विवेक शाह, गुड्डू चौहान, बलबीर सिंह रावत, सुनीता सेमवाल, राकेश शर्मा, सुदर्शन रावत, हेमचंद पंवार, बृजमोहन सिंह नेगी, अमित राज, रूपेन्द्र सिंह नेगी, ऊषा देवी, जानकी बुडाकोटी, प्रीति देवी, कविता भारती, विनीता भारती, कुसुम भंडारी, दिलबर प्रसाद सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।



बदरीनाथ मार्ग पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी के नेतृत्व में जनाक्रोश रैली निकालते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।

## असिस्टेंट प्रोफेसर मामले की निष्पक्ष जांच की जाए

**पौड़ी** : भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मातबर सिंह नेगी ने जीबी पंत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी घुड़दौड़ी में असिस्टेंट प्रोफेसर की आत्महत्या मामले की वास्तविक तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच किए जाने की मांग की है। कहा कि निष्पक्ष जांच को लेकर मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भेजा गया है। शनिवार को पौड़ी में पत्रकार वार्ता में मातबर सिंह नेगी ने कहा कि मनीषा भट्ट द्वारा किन परिस्थितयों के चलते आत्महत्या की गई है। इसकी विस्तृत जांच होनी चाहिए। कहा कि षडयंत्र के तहत संस्थान में शैक्षणिक माहौल को खराब करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई कर दंडित किया जाए।

# पांच दिवसीय शिविर पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विकास खण्ड एकेश्वर के पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में आयोजित पांच दिवसीय कौशल विकास ग्रीष्मकालीन शिविर सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हो गया है। इस दौरान छात्रों को प्राणायाम, सूर्य नमस्कार और योगासनों की जानकारी भी दी गई। शिविर में 42 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

समापन समारोह का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने दीपमंत्र, शारदा स्तुति एवं गढ वंदना प्रस्तुत की। शिविर में छात्र-छात्राओं ने मंडुवे की रोटी, मंडुवे का हलवा, झंगोरे की खीर, चैलाई तथा तिल के लड्डू, राजमा की दाल, उड़द के दाल की पकौड़ी एवं गहथ के भरवाँ परांठे बनाकर अपनी पाककला का प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के लिए घातक बनते जा रहे पालीथीन को प्लास्टिक की बोतलों के अन्दर भरकर उनसे ईको-बिक्र बनाने सहित विज्ञान व गणित की शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर शिक्षक दिनेश सिंह बिष्ट, संजय कुमार, कार्यालय सहायक धर्मेन्द्र सिंह रावत, मनवर चौहान, यशपाल रमोला, नरेन्द्र राणा, जयेन्द्र सिंह, प्रेम सिंह, सतेन्द्र रावत आदि उपस्थित रहे।

## भल्लेगांव में मिनी सचिवालय खोलने की मांग की

श्रीनगर गढ़वाल : भल्लेगांव से सदस्य क्षेत्र पंचायत सुमन भट्ट ने भल्लेगांव क्षेत्र में ग्राम पंचायत सचिवालय (मिनी सचिवालय) खोलने की मांग की है। इस संदर्भ में उन्होंने बीडीओ देवप्रयाग के माध्यम से जिला पंचायत राज अधिकारी को प्रस्ताव भी भेजा है। उन्होंने बताया कि टिहरी जिले के विभिन्न विकासखंडों में दीनदयाल उपाध्याय मिनी सचिवालय कार्यालय खोले जा रहे हैं। जिसमें प्रधान, क्षेत्र पंचायत, पंचायत सचिव अधिकारियों सहित क्षेत्र की जनता के बैठने हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध होगा। साथ ही मिनी सचिवालय में कंप्यूटर रूम और शौचालय की भी व्यवस्था होगी। कहा कि यहां क्षेत्र के ग्रामीण परिवार रजिस्टर की नकल, स्थाई निवास, जाति प्रमाणपत्र, खतौनी की नकल की सुविधा सहित अपनी समस्याएं भी दर्ज करा सकते है। कहा यदि भल्लेगांव में मिनी सचिवालय खोला जाता है तो क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। (एजेंसी)

## समस्याओं का निस्तारण न होने पर जताया आक्रोश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखंड विकास समिति ने कोटद्वार विधानसभा की समस्याओं का निस्तारण न होने पर आक्रोश जताया है। समिति के सदस्यों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि समस्याओं के निस्तारण के नाम पर वर्तमान विधायक भी पूर्व विधायक की भांति भ्रामक बयानबाजी कर रही हैं। सनेह क्षेत्र की जनता बाइपास के विरोध में आंदोलन कर रही है, मोटर नगर में आधुनिक बस अड्डा निर्माण कार्य भी लंबे समय से रूका हुआ है, लेकिन जनप्रतिनिधि उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। जौनपुर स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कोटद्वार विधानसभा अभी भी कई समस्याओं से जूझ रही है। जिसमें कूड़ा निस्तारण और सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गौवंश की समस्या प्रमुख है। कूड़ा निस्तारण के लिए आबादी के बीच ही ट्रंचिंग ग्राउंड बनाया गया है। वहां से उठती दुर्गंध के कारण आसपास रहने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर घूमता बेसहारा गौ वंश भी आम जन और यातायात में बाधक बन रहा है। मौके पर शासन प्रशासन व जन प्रतिनिधियों से सभी समस्याओं के निस्तारण के लिए पहल करने की मांग की गई। बैठक में एस सी परिंदियाल, विपुल उनियाल, राम सिंह कठैत, पूरण सिंह, दुर्गा प्रसाद और मनोज रावत सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

## सूरज और प्रियांशी का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : डीएवी इंटर कालेज के दो छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है। जिस पर स्कूल परिवार ने खुशी जताई है।

स्कूल के प्रधानाचार्य सुमंत सिंह नेगी ने बताया कि स्कूल के 12वीं के छात्र सूरज कुमार मंडल ने राज्यस्तरीय विद्यालयी बैडमिंटन अंडर 19 आयु वर्ग में पहला स्थान हासिल किया है। यह प्रतियोगिता हल्द्वानी में हुई। सूरज का चयन 8 से 12 जून तक मध्य प्रदेश के ग्वालियर में होने वाली राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वह यहां उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं, स्कूल की 12वीं की छात्रा प्रियांशी नेगी ने अंडर 19 की राज्यस्तरीय हैंडवाल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन दिखाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई है। वह 6 से 8 जून तक नई दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की टीम में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। दोनों खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के चयन होने पर स्कूल के शिक्षक राजेंद्र सिंह रावत, बालेश्वर प्रसाद, चंद्रमोहन असवाल, दीपक रावत, अंकुश सिरोही, सुनील कुमार धस्माना, रेनू नेगी, नीलम, शिक्षा चौहान, सुमन नेगी, मीनाक्षी ने खुशी जताते हुए दोनो को बधाई दी है।

## छात्राओं को दी महत्वपूर्ण जानकारी

**पौड़ी** : भारत सिंह रावत राजकीय महाविघालय रिखणीखाल में महिला उत्पीड़न निवारण समिति के सदस्यों और महाविद्यालय की छात्राओ के मध्य आयोजित बैठक में छात्राओ को शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक डा. भारती द्वारा छात्राओ को महिला शिकायत पेटी, महिला हेल्पलाइन नंबर, राष्ट्रीय महिला आयोग के बारे मे जानकारी दी। उन्होंने महिलाओ से संबंधित अपराधों व उत्पीडन के प्रकार, उनके निवारण के लिए जाने वाले प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. मनोज उप्रेती आदि शामिल रहे।

# सीयूईटी परीक्षा केंद्र राज्य से बाहर बनाने पर एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

**श्रीनगर गढ़वाल** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गढ़वाल विवि में उत्तराखंड के छात्रों को 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने, परीक्षा केंद्रों में बदलाव न किए जाने सहित अन्य मांगों पर कार्यवाही न होने रोष व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने गढ़वाल विवि प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही की मांग की है।

शनिवार को एबीवीपी के जिला संयोजक एवं छात्र प्रतिनिधि अमन पंत के नेतृत्व में छात्रों ने कुलपति सचिवालय गेट के सम्मुख धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीईयूटी के माध्यम से होने वाली प्रवेश परीक्षा में उत्तराखंड के छात्र-छात्राओं को गढ़वाल विवि में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। जसवंत सिंह राणा, आयुष कंडारी, दीपक चौधरी ने कहा सीयूईटी प्रवेश परीक्षा के परीक्षा केंद्र मनमर्जी से दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकांश छात्रों का परीक्षा केंद्र राज्य से बाहर मेरठ, बरेली आदि शहरों में पड़ा हुआ है। उन्होंने विवि में विवि में प्लेसमेंट सेल के वजूद में होने के बावजूद कैंपस प्लेसमेंट न होने, छात्रावासों से लेकर विवि के प्रत्येक विभाग के आस-पास कूड़े के ढेर लगे होने, एंबुलेंस की व्यवस्था सही न होने, उद्यानिकी विभाग के अंदर आने वाले सभी कार्सों में 2021 से पहले वाले बैच के छात्रों की अंक तालिकाओं और डिग्रीयों में न लिखे जाने पर रोष जताया। कहा यदि जल्द व्यवस्थाएं नहीं सुधरी तो एबीवीपी को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस मौके पर दीपांशु मलवाल, कुलवंत, अनुष्का, रवि, संवेदना, महिपाल, मनोज, अनीषा, आयुष भंडारी आदि मौजूद रहे। मौके पर पहुंचे प्रति कुलपति प्रो. आरसी भट्ट, डीएसडब्लू प्रो. एमएस नेगी, मुख्य नियंता प्रो. बीपी नैथान ने मांगों को लेकर उचित आश्वासन दिया। (एजेंसी)

# पौराणिक संस्कृति को हमें जीवन्त रखना होगा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विकासखण्ड कल्जीखाल के फल्दा गांव के नागराजा मन्दिर में वार्षिक अनुष्ठान में प्रमुख बीना राणा ने पूजा अर्चना कर नागराजा देवता का आशीर्वाद लिया।

फल्दा गांव पंहुंचने पर ग्राम वासियों एवं प्रवासियों ने गाजे-बाजे एवं फूल मालाओं के साथ प्रमुख बीना राणा का स्वागत किया। इस मौके पर प्रमुख बीना राणा ने कहा कि हमारे लिए बड़े गर्व की बात है हम अपने पूर्वजों से चली आ रहे परम्परा से देवी-देवताओं का स्मरण कर रहे हैं। हमारे सनातन धर्म में शुरूआत से ही देवी-देवताओं की पूजा अर्चना की जाती है। इस पौराणिक संस्कृति को हमें जीवन्त रखना होगा। इस अवसर पर प्रमुख बीना राणा ने मन्दिर समिति के अध्यक्ष जगत सिंह को शाल ओढाकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला पचायत सदस्य गढकोट संजय डबराल, डीआईजी राकेश नेगी, ग्राम प्रधान फल्दा आसमा बेगम, कनिष्ठ प्रमुख अर्जुन पटवाल, मदन सिंह रावत प्रधान धारी, नरेन्द्र सिंह नेगी, पूर्व प्रधानाचार्य राजेन्द्रं सिंह पटवाल, सांसद प्रतिनिधि संजय पटवाल समस्त क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



ब्लॉक प्रमुख वीना राणा का स्वागत करते हुए महिला।

# आदि कैलास के 10वें दल का हुआ स्वागत



पिथौरागढ़। पर्यटक आवास गृह में आदि कैलास यात्रा के 10वें दल के यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया।आवास गृह के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने यात्रियों को हिमालय बचाओ अभियान से जोड़ते हुए हिमालय बचाओ की शपथ दिलाई । यात्रियों को काला पानी मंदिर परिसर में पौधारोपण हेतु पौधे दिए गए। सभी यात्रियों ने गुरुरानी की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि वे यात्रा अवधि में पौधा रोपण भी करेंगे। वहां पड़े कूड़े का वे धारचूला लाकर निस्तारण करेंगे। यात्रा पूरी करने के बाद अपनी जन्मभूमि कर्म भूमि में यात्रा की याद में एक पौधा लगाएंगे। यात्रा का स्वागत बलवंत सिंह रावल ,उमा डिगारी, संदीप गजेंद्र धामी विजय बोरा ने किया।

## आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करने पर मुकदमा

रुद्रपुर। सोशल मीडिया पर चाइल्ड पोनीग्राफी की आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करने के मामले में पुलिस ने यूजर के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

साइबर सेल की जांच के आधार पर एसटीएफ के एसएसपी के आदेश पर कोतवाली के एसआई इंदर सिंह ढैली ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें बताया कि नगर के वार्ड संख्या एक चिंतीमजरा निवासी दीपक कुमार ने अपने मोबाइल नंबर का इस्तेमाल कर फेसबुक सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड की है। यह वीडियो 23 सेकंड की चाइल्ड पोनीग्राफी से संबंधित प्रदर्शित हो रही है। आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना की विवेचना की जा रही है।

# शारदा पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा के छात्र–छात्राओं ने दी शास्त्रीय गायन की शानदार प्रस्तुति

अल्मोड़ा। शारदा पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा के विद्यार्थियों ने शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों की शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्य अतिथि प्रसिद्ध लोक गायिका एवं आकाशवाणी दूरदर्शन की कलाकार लता पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि प्रो० सैयद अली हामिद अभिनेत्री कृतिका पाण्डेय, भातखंडे हिन्दुस्तानी संगीत महाविद्यालय अल्मोड़ा के तबला प्रवक्ता सुनील कुमार एवं प्रधानाचार्या विनीता शेखर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न शास्त्रीय रागों पर आधारित शास्त्रीय



गायन की प्रस्तुतियाँ दी। शुरुआत राग तिलंग पर आधारित सरस्वती वंदना से हुई जिसके पश्चात राग बागेश्री पर आधारित ख्याल गायकी एवं राग बहार और राग वृन्दावनी सारंग पर आधारित स्वर माला की प्रस्तुति दी गयी। विद्यालय की संगीत शिक्षिका द्वार सितार पर राग तोड़ी की शानदार प्रस्तुति दी गयी। मंच संचालन ऋषि सेठ, खनक एवं मनफ़–उर–रहमान ने संयुक्त रूप से किया। छात्र–छात्राओं द्वारा उत्तराखंड की लोक संस्कृति पर आधारित झोड़ा, चांचरी एवं छपेली लोकगीतों की भी शानदार प्रस्तुति दी गयी जिसे सभी अतिथियों ने खूब सराहा।

# बाहरी लोगों के सत्यापन समेत अन्य विषयों को लेकर कोतवाली प्रभारी से मिले सभासद

अल्मोड़ा। लक्ष्मेश्वर वार्ड के सभासद अमित साह मोनू और उनके साथी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा सतीश चंद्र कापड़ी से मिलने पहुंचे और उनके द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली से सत्यापन के विषय में चर्चा की गई। उन्होंने कहा सत्यापन आवश्यक रूप से हो एवं जो भी ठेकेदार, मकान मालिक के साथ बाहरी लोग रह रहे हैं उनकी जिम्मेदारी तय की जाए तथा जो भी एक कमरे में क्षमता से अधिक लोग रह रहे हैं, इनके द्वारा नगर क्षेत्र में जो गंदगी फैलाई जा रही है, उसके ऊपर भी दंडात्मक कार्यवाही हो। रैमजे स्कूल के पास सुबह के समय सारे बाहरी



मजदूर खड़े हो रहे हैं उनके द्वारा सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों एवं महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, उनको किसी अन्य स्थान पर खड़े होने की उचित व्यवस्था की जाए या उनके रास्ते पर रास्ता छोड़कर खड़े होने ऐसी व्यवस्था के लिए पुलिस जवानों की तैनाती करने की व्यवस्था की जाए पर इन विषय पर चर्चा की गई। प्रभारी निरीक्षक सतीश चंद्र कापड़ी ने बताया की सत्यापन का कार्य गंभीरता पूर्वक चल रहा है और रैमजे स्कूल के पास सुबह खड़े होने वाले बाहरी मजदूरों के सम्बन्ध में नगर पालिका के साथ एक संयुक्त अभियान चलाया जाएगा और समस्या का समाधान किया जाएगा। यहाँ वार्ता में सभासद अमित साह मोनू, सभासद अर्जुन सिंह बिष्ट, कृष्णा सिंह, गोविंद मटेला आदि लोग मौजूद रहे।

## ऑनलाइन पढ़ाई की मांग को सीएम को सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर। राजकीय शिक्षक संघ की पूर्व प्रांतीय कोषाध्यक्ष एकता रस्तोगी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपकर अटल उत्कृष्ट विद्यालय में ग्रीष्म अवकाश में ऑफलाइन की जगह ऑनलाइन शिक्षण कार्य कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि सीबीएसई का परीक्षाफल संतोषजनक नहीं होने के कारण महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा उत्तराखंड ने ग्रीष्म अवकाश में भी शिक्षण कार्य कराने के लिए निर्देशित किया है। इसके अनुपालन में शिक्षक स्कूल में पठन–पाठन करा रहे हैं, लेकिन विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण बच्चे स्कूल नहीं आ रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए शिक्षकों को ग्रीष्म अवकाश में घर से ही ऑनलाइन शिक्षण कार्य करने की अनुमति दी जाए।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ समापन

अल्मोड़ा। सोच संस्था और शिक्षा संकाय के संयुक्त तत्वावधान में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में मेंस्टुअल हेल्थ, हाइजीन एन्ड अवेयरनेस विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन हुआ। समापन दिवस के प्रथम सत्र में अध्यक्ष प्रो. जया उप्रेती और सह अध्यक्ष प्रो. डी. एस. रहे। प्रो. डी. एस. बिष्ट ने संस्था को अपनी ओर से 5 हजार रुपए का अनुदान भी दिया। प्रथम सत्र में सोच संस्था की ओर से हिमांशी भंडारी ने मासिक धर्म को लेकर समाज सामाजिक भ्रांतियों को लेकर सभी छात्रों को संबोधित किया। तत्पश्चात प्रियंका सलाल द्वारा सैनिटरी पैड और मेंस्टुअल कप के इतिहास के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात सोच संस्था की ओर से जितेंद्र बिष्ट ने



संस्था द्वारा शिक्षा संकाय में किए गए सर्वे का डाटा एनालिसिस कर सभी के सामने उसका रिजल्ट प्रस्तुत किया।मयंक पंत ने मेंस्टुअल कप को बेहतर विकल्प के रूप में छात्रों के मध्य प्रस्तुत किया और छात्रों को डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से सामाजिक भ्रांतियों को लेकर अवगत कराया। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता प्रो. मधुलता नयाल के द्वारा की गई। द्वितीय (तकनीकी) सत्र में महिला विशेषज्ञ डा. स्वेता चौहान ने मासिक धर्म से जुड़े वैज्ञानिक पहलुओं पर बात की

# उपपा ही कर सकती है सपनों के उत्तराखंड का निर्माणः पीसी तिवारी

अल्मोड़ा। उपपा की जिला कार्यकारिणी की बैठक में भूमाफिया भगाओ पहाड़ बचाओ, माफिया भगाओ उत्तराखंड बचाओ की मुहिम को तेज करने का निर्णय लिया गया। बैठक में रोजगार को मौलिक अधिकार का दर्जा देने की मांग की गई। तय किया गया कि पार्टी को मजबूत करने के लिए गांव–गांव में अभियान चलाया जाएगा। पार्टी के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष महेश फुलारा की अध्यक्षता व जिला महासचिव प्रकाश जोशी के संचालन में केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड में दिल्ली से राज करने वाली उत्तराखंड विरोधी पार्टियों की जन विरोधी नीतियों से तंग आकर लोग परिवर्तन पार्टी के साथ तेजी से जुड़ रहे हैं। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष महेश फुलारा ने कहा कि उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी अपनी स्थापना के बाद से ही उत्तराखंड की मेहनतकश जनता, मजदूर, किसान के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है। उत्तराखंड में फैले भ्रष्ट व माफिया तंत्र से सीधी लड़ाई लड़ी है। राज्य में उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ही एकमात्र विश्वसनीय पार्टी है जिसने उत्तराखंड के हितों की रक्षा की है। बैठक में पारित प्रस्ताव में मुख्य रूप से राजस्व उपनिरीक्षकों के अपनी चौकी में उपलब्ध ना होने पर आम जनता को हो रही परेशानी से निजात दिलाने के लिए राजस्व उपनिरीक्षकों को चौकी में नियमित रूप से उपलब्ध रहने, ग्राम वासियों को बिना ब्याज या कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने, महिला पहलवानों का उत्पीड़न बंद कर उनको न्याय दिलाने आदि शामिल हैं।

## डीएम ने जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण

पिथौरागढ़। डीएम ने जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिसर में निर्माणाधीन 55 बेड के नये भवन के सभी कार्य जल्द पूर्ण करने के आदेश दिए। जिलाधिकारी रीना जोशी ने कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने को कहा है। उन्होंने अस्पताल के पुराने भवन से नये भवन को जोड़ने वाले मार्ग के चौड़ीकरण के निर्देश दिए। कहा कि अस्पताल के नये भवन के नर्स स्टेशन कक्ष में खिड़की लगाई जाए।

# पहाड़ की पहचान स्थानीय उत्पादों को महिलाएं दिलाएंगी ग्लोबल मार्केटः ज्योति

अल्मोड़ा। कसारदेवी में आयोजित इकोज आफ कसार कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने कहा कि पहाड़ की पहचान स्थानीय उत्पादों को यहां की महिलाएं उद्यमी अपने संसाधनों व संघर्षों से ग्लोबल मार्केट दे रही है। यह पहाड़ की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

शुक्रवार को कसारदेवी में इकोज आफ कसार कार्यक्रम का महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने दीप जलाकर उद्घाटन



किया। उन्होंने कहा कि पर्यटक स्थलों में महिला उद्यमियों का यह कार्यक्रम प्रोत्साहित करने वाला है। इससे यहां आने वाले पर्यटकों को जहां पहाड़ की संस्कृति, समाज के बारे में जानकारी मिलेगी। वहीं स्थानीय उत्पादों को भी बाजार मिलेगा। इस तरह के अभिनव प्रयोग स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के माध्यम से गांव–गांव में कराए जाएंगे।

समय–समय पर प्रशिक्षण अभियान भी दिए जाएंगे। इन महिला उद्यमियों को प्रशिक्षक के तौर पर तैयार किया जाएगा। महिला को शिक्षित कर आर्थिक रुप से आत्मनिर्भर कर दिया जाए तो सशक्तिकरण का नारा अपने आप सार्थक हो सके। उन्होंने सरकार के माध्यम से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर उन्होंने महिला उद्यमियों की समसयाएं भी सुनी।

# राज्यपाल ने सपरिवार की अल्मोड़ा जनपद में चितई गोलू मंदिर, जागेश्वर धाम तथा कसार देवी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना





नैनीताल। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सपरिवार अल्मोड़ा जनपद में चितई गोलू मंदिर, जागेश्वर धाम तथा कसार देवी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की तथा देश एवं प्रदेश वासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। सर्वप्रथम राज्यपाल चितई गोलू मंदिर पहुंचे जहां जिलाधिकारी विनीत तोमर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचंद्र राजगुरु तथा अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया ने पुष्प–गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की।इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि जब भी वे गोलज्यू के दरबार में आते है तो एक अलग ही अलौकिक आनन्द का एहसास होता है। उन्होंने कहा कि गोलज्यू महाराज का जो न्याय और प्यार है वह हमें यहां आकर महसूस होता है। उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा जो यहां आकर घंटी और अपनी मन्नतों और न्याय के लिए जो अर्जी लगायी जाती है वह अपने आप में एक अलौकिक आस्था है।राज्यपाल ने कहा कि मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अन्तर्गत कुमाऊँ मण्डल के जो अलौकिक आस्था के केंद्र है इन केंद्रों में देश व विदेश के पर्यटक अधिक से अधिक आयेंगे तथा इस क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन के रूप में अलग पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि कुमाऊँ मण्डल के अल्मोड़ा जनपद में भगवान की कृपा अलग ही है। उन्होंने कहा कि यहां के आम नागरिकों में अतिथि देवों भवः की जो भावना है वह अपने आप में अलग ही है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में अलग–अलग तरह के पर्यटक जैसे आध्यात्मिक आस्था, प्राकृतिक एवं साहसिक पर्यटक जिस संख्या में आ रहे है उसे ध्यान में रखते हुए आधारभूत संरचाओं व सड़कों को आपस में जोड़ने के साथ ही आने वाले पर्यटकों की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड एक ऐसी तप भूमि है जहां कोई भी पर्यटक आकर अलग ही आस्था का अनुभव करता है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को ध्यान में रखते हुए सड़कों, टनलों व रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। इसके पश्चात उन्होंने सपरिवार जागेश्वर धाम में पूजा अर्चना की तथा देश एवं प्रदेश वासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें श्री जागेश्वर धाम आने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि यहां आकर एक अलग ही आध्यात्मिक अपार शक्ति का अहसास होता है। उन्होंने कहा कि मानसखण्ड मंदिर माला के तहत यहां पर पर्यटकों के लिए सुविधाओं के विकास से श्रद्धालुओं की संख्या में आने वाले समय में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि जागेश्वर धाम के मास्टर प्लान को बहुत सोच–विचार कर ही बनाया गया है। जिसके माध्यम से जागेश्वर धाम का विकास किया जाएगा तथा यह धाम आने वाले वर्षों में देश–विदेश में बहुत प्रसिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया जा रहा है उससे आने वाले समय में यह आध्यात्मिक पर्यटन के रूप में अधिक विकसित होगा तथा यहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आएंगे। इसके पश्चात उन्होंने कसार देवी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की तथा ध्यान लगाया। साथ ही उन्होंने यहां आए श्रृद्धालुओं से वार्तालाप भी किया। इसके पूर्व राज्यपाल ने आर्तोला स्थित रिजॉर्ट में जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारियों के साथ जनपद के विकास एवं विभिन्न विकास कार्यों को लेकर बैठक कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

# खटीमा में सीएम ने सुनीं जनता की समस्याएं

रुद्रपुर। चम्पावत के विधायक के रूप में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का तीन जून को एक साल पूरा हो गया है। इस मौके पर भाजपाइयों ने उन्हें अंग वस्त्र, बुके देकर बधाई दी। इस दौरान सीएम ने जनता की समस्याएं भी सुनीं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। सीएम धामी शनिवार सुबह लोहियाहेड गेस्ट हाउस पहुंच गए थे। यहां पहले से ही बड़ी संख्या में लोग और कार्यकर्ता उनका इंतजार कर रहे थे। पंतनगर से आए लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। सीएम ने वर्षों से बसे लोगों को नहीं उजाड़े जाने की बात कही। इस दौरान लकड़ी व्यवसायी, राज्य आंदोलनकारी, शिक्षक संगठन आदि उनसे मिले। सभी ने अपनी समस्याएं रखीं। सीएम ने सभी को



समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान सतीश गोयल, विमला मुंडेला, अंबुज चौहान, कामिल खान, गोपाल बोरा, रमेश जोशी रामू भाई, अमित कुमार पांडेय, भवानी भंडारी, जीवन धामी, अजय मौर्य, सतीश भट्ट, वरुण अग्रवाल, डॉ. विवेक अग्रवाल, डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, गुंजन सुखीजा, जयकिशन भारती आदि मौजूद रहे।

## किराए को लेकर टैक्सी चालकों और श्रद्धालुओं के बीच झड़प

चम्पावत। बूम के पास टैक्सी चालकों और श्रद्धालुओं के बीच अधिक किराए को लेकर झड़प हो गई। इसमें दो श्रद्धालुओं को मामूली चोट भी आई। बाद में पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला निपटाया। शनिवार देर रात बरेली, यूपी निवासी संजीव कुमार पुत्र सर्वेश कुमार अपने परिवार संग मां पूर्णागिरि दर्शन करने जा रहा था। बूम चौकी के पास टैक्सी चालकों और श्रद्धालुओं के बीच अधिक किराए को लेकर कहासुनी हो गई। धीरे–धीरे कहासुनी हाथापाई तक पहुंच गई। इसमें संजीव कुमार के परिवार के ही रवि कुमार पुत्र छोटे लाल, जयपाल पुत्र अन्नपाल और नीलम कुमार पुत्र दुर्गाप्रसाद को हल्की चोट आ गई,

# उत्तराखंड राज्य न्यायपालिका के आह्वान पर 18 जून को चलेगा सफाई अभियान

नैनीताल। उत्तराखंड राज्य न्यायपालिका के आह्वान पर पूरे प्रदेश में 18 जून को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। ये अभियान चार घंटे तक चलेगा। इस स्वच्छता अभियान में शामिल लोगों से पर्यावरण की स्वच्छता को लेकर शपथ पत्र भी भरवाए जाएंगे। शनिवार को इस संबंध में हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल अनुज संघल की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है।

रजिस्ट्रार जनरल की अधिसूचना में कहा गया है कि स्वच्छता अभियान उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय व उसके अधीनस्थ न्यायालयों की ओर से 18 जून को सुबह 8 बजे से 4 घंटे तक चलेगा। उच्च न्यायालय में अभियान का नेतृत्व मुख्य न्यायाधीश, अन्य न्यायाधीशों के साथ करेंगे। इस ड्राइव में हाईकोर्ट के समस्त अधिकारी शामिल होंगे। साथ ही एसएलएसए, उत्तराखंड बार काउंसिल, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन और एडवोकेट जनरल, मुख्य स्थायी अधिवक्ता, शासकीय अधिवक्ता इस अभियान में हिस्सा लेंगे। अभियान के लिए पर्यटन स्थल, तीर्थ स्थलों व कचरा संवेदनशील स्थानों को चिह्नित किया जाएगा। इस संबंध में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने व अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए शपथ पत्र भरवाए जाएंगे। राज्य सरकार इस अभियान में बढ़ चढ़कर शामिल होने के लिए पहले ही हाईकोर्ट को आश्वस्त कर चुकी है। अल्मोड़ा निवासी जितेंद्र यादव की जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने 18 जून को बड़े स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। जिसमें सरकार से भी अनुरोध किया गया, कि इस अभियान में प्रशासन भी शामिल हो। कोर्ट ने केंद्र सरकार की स्वच्छता भारत ऐप व उच्च न्यायालय की शिकायत वेबसाइट का व्यापक प्रचार प्रसार करने को भी कहा था। कहा था कि प्रदेश को स्वच्छ व कूड़े के निस्तारण के लिए उच्च न्यायालय की ओर से कई बार राज्य सरकार को आदेश दिए जा चुके हैं,

# युवक को बाइक पर स्टंट करना पड़ा भारी

जयन्त प्रतिनिधि :

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल में इन दिनों सोशल मीडिया पर बाइक पर स्टंट करते युवाओं पर पुलिस की कड़ी नजर बनी हुई है।

श्रीनगर पुलिस ने सोशल मीडिया पर स्टंट करते हुए वायरल हो रहे युवक के वीडियो का संज्ञान लेकर युवक के खिलाफ कार्रवाई की है।

श्रीनगर में बाइक से स्टंट करने पर पुलिस ने बाइक को सीज कर बाइक स्वामी के खिलाफ कार्रवाई की है। दरअसज बाइक से स्टंट करते हुए युवक का व्हाट्सऐप पर वीडियो वायरल हो रहा था। जिसका वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे ने संज्ञान लेकर क्षेत्राधिकारी यातायात को उक्त वाहन चालक के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वायरल वीडियो की जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त वीडियो श्रीनगर नैथाना पुल का है।

जिस पर वायरल वीडियो में दिख रहे वाहन स्वामी का पता लगाकर यातायात उप निरीक्षक नीरज शर्मा ने उक्त वाहन की आरसी जब्त करते हुए वाहन स्वामी के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत नियमानुसार बिना हेलमेट, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन, सार्वजनिक स्थान पर खतरनाक तरीके से वाहन चलाना आदि धाराओं के तहत चालानी कार्यवाही की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने ने स्टंटबाज युवाओं को चेतावनी दी है कि वे इस तरह की हरकतें बिल्कुल भी न करें, नहीं तो चालानी कार्रवाई के साथ-साथ लाइसेंस भी निरस्त किया जाएगा। जिले की पुलिस स्टंटबाज युवाओं पर लगातार नजर बनाए हुए है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पुलिस की नजर है। ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वाले इन स्टंटबाज युवाओं पर पुलिस चालान की कार्रवाई कर रही है।

## 243 मरीजों ने लिया शिविर का लाभ

सतपुली : द हंस फाउंडेशन जनरल अस्पताल चमोलीसैंण सतपुली में तीन दिवसीय स्त्री रोग जांच शिविर के दूसरे दिन 243 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी विमल भट्ट ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीक्षा शर्मा द्वारा मासिक धर्म में अनियमितता या बंद होना, बच्चेदानी की रसौली, अत्यधिक महावारी या अत्यधिक पीड़ा होना व सफेद पानी आना, बार बार गर्भपात होना एवं बांझपन आदि स्त्री रोगो के 243 मरीजों का परीक्षण किया। जिसमें बच्चेदानी की रसौली, बच्चेदानी के ऑपरेशन के 43 मरीजों को आपरेशन के लिए चयनित किया गया। जिनका अस्पताल में आधुनिक विधि द्वारा ऑपरेशन किया जायेगा। वहीं शिविर में 189 लोगों का डॉ. कविता ठुकराल द्वारा मरीजों का अल्ट्रासाउंड किया गया। साथ ही मरीजों को निःशुल्क खून की जांच व दवाइयां वितरित की गयी।

## उत्तम सिंह बने प्रबंधक, उत्तम प्रबंधक तो विमल बनें अध्यक्ष

पौड़ी : इंटर कॉलेज डांगीधार की प्रबंध समिति के चुनावों को मुख्य शिक्षाधिकारी ने अनुमोदन दे दिया। इस मामले में कोर्ट ने विभाग को कॉलेज में चुनाव कराने के आदेश पारित किए थे। प्रबंध समिति के चुनाव इंटर कॉलेज डांगीधार में किए गए। जिसमें उत्तम सिंह नेगी प्रबंधक चुने गए। इसके साथ ही विमल नेगी को अध्यक्ष, मानवेंद्र सिंह उपाध्यक्ष, बृजमोहन तड़ियाल कोषाध्यक्ष आदि सहित 7 सदस्य भी बनाएं गए।

# भवानी रावत समाजोत्थान सम्मान से सम्मानित

श्रीनगर गढ़वाल : सेव हिमालय मूवमेंट एवं पर्वतीय विकास शोध केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़े के अवसर पर हिमालय में जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव एवं नदियों पर हो रहे अतिक्रमण पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वयोवृद्ध समाजसेवी भवानी रावत को समाजोत्थान सम्मान-2023 से सम्मानित किया गया। सम्मान के रूप में उन्हें सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट की गई। इस मौके पर डा. अरविंद अरोड़ा ने भवानी रावत द्वारा किए गए कार्यों के बारें में जानकारी दी।अवकाश प्राप्त कर्मचारी विकास संगठन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ सर्जन डा. लोकेश सलूजा ने कहा कि देश के योजनाकारों, राजनेताओं और वैज्ञानिकों को यह समझाने का समय आ गया है कि हिमालयी समाज, संस्कृति और यहां के पर्यावरण के साथ-साथ देश की सुरक्षा के लिए खड़े हिमालय को मैदान के भौगोलिक आकार-प्रकार तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से नहीं मापा जा सकता है। सेव हिमालय मूवमेंट के अध्यक्ष समीर रतूड़ी ने कहा कि यदि अनियोजित विकास की गति पहाड़ों में ऐसे ही चलती रही तो इसके परिणाम यही होंगे कि हिमालयी राज्यों से विस्थापन एवं पलायन की समस्या बढ़ेगी। समाज सेवी भवानी रावत ने कहा कि भूस्खलन, भूकंप के साथ-साथ अब मानवकृत आपदाओं से त्रस्त हिमालय और इससे जुड़े मैदानी क्षेत्रों की चिंता केंद्र और राज्य सरकारों को समय रहते नहीं हुई तो तेजी से बढ़ रहे जलवायु परिवर्तन से भी संकट पड़ेगा। डा. अरविंद दरमोड़ा ने कहा कि सुरंग बांधों के श्रृंखलाबद्ध निर्माण से हिमालयी नदियों के सूखने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। कार्यक्रम में उदयराम लखेडा, अंशीलाल, देवी प्रसाद गोदियाल, राज्य आंदोलनकारी मथुरा प्रसाद सिलोड़ी, मदनमहन नौटियाल, बसंती भट्ट, एसपी घिल्डियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# 5 गुरुकुल पद्धति में विद्यार्थियों पर ज्ञान का बोझ नहीं बोध डाला जाता: स्वामी रामदेव

नई टिहरी। पतंजलि गुरुकुलम मूल्यागांव के स्थापना दिवस पर योगगुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि गुरुकुल पद्धति में विद्यार्थियों पर ज्ञान का बोझ नहीं बोध डाला जाता है।



पतंजलि में हर जाति वर्ग के विद्यार्थी प्रवेश लेकर शास्त्रों का अध्ययन कर सकते हैं। स्वामी रामदेव ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पतंजलि सेवाश्रम मूल्या गांव देवप्रयाग में स्वामी रामदेव, संन्यासियों, साध्वियों ने गुरुकुल छात्र–छात्राओं और क्षेत्रीय जनता को सम्बोधित किया। स्वामी रामदेव ने कहा कि सनातन धर्म की सबसे बड़ी संपदा हमारे शास्त्र हैं। पतंजलि गुरुकुलम में हर विद्यार्थी को प्रमुख 21 शास्त्रों को कंठस्थ याद करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि गुरुकुलम में कई ऐसे विद्यार्थी है, जिन्होंने एक दिन में ही सम्पूर्ण भगवतगीता को याद किया है। कहा हिमालय और देवप्रयाग को धर्म का गौरव बताया। कहा कि बिच्छू घास(कंडाली) का भी पतंजलि औषधीय उपयोग करेगा। देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा उनकी विधान सभा में पतंजलि गुरुकुल स्थापित होने से देवप्रयाग को विश्व पटल पर नई पहचान मिली है। भारतीय शिक्षा बोर्ड चैयरमैन के एनपी सिंह ने पतंजलि को भारतीय योग की वृहद प्रयोगशाला बताया। गुरुकुलम की प्रधानाचार्य साध्वी देवश्रुति ने कहा कि देशभर में गुरुकुल के विद्यार्थियों की उपलब्धियों को रखा गया। स्वामी रामदेव ने केंद्रीय संस्कृत विवि परिसर के निदेशक प्रो. सुब्रह्मणियम, राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य प्रो प्रीति कुमारी, पालिकाध्यक्ष कृष्णकान्त कोटियाल, नक्षत्र वेधशाला प्रबन्धक डॉ. प्रभाकर जोशी, रेंजर दीक्षा भट्ट, तहसीलदार मानवेंद्र वर्तवाल आदि को शाल माला से सम्मानित किया। साथ ही शास्त्रीय स्पर्धा के विजेता, संस्कृत आधारित गीत, नृत्य, मार्शल आर्ट, योगासन प्रस्तुति देने वाले हरिद्वार, रांची, मुल्यागांव गुरुकुलम के विधार्थियो को पुरस्कृत देकर सम्मानित किया।

## प्लास्टिक कचरे का निस्तारण किया

चमोली। मिशन लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट के तहत पश्चिमी पिंडर रेंज नारायणबगड़ की कर्मचारियों के द्वारा आली बाजार में कूड़े का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर कई किलो प्लास्टिक एवं गंदगी को किया गया नष्ट।

शनिवार को लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट के तहत पश्चिमी पिंडर रेंज नारायणबगड़ के वन कर्मियों एवं आली बाजार में व्यापारियों के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। वहीं इस अवसर पर कई किलो प्लास्टिक और कूड़े को कूड़ा करकट को नष्ट किया गया। वहीं इस अवसर पर वन कर्मियों के द्वारा पर्यावरण के संबंध में लोगों को विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर वन क्षेत्राधिकारी भरत नेगी मोहन बिष्ट, संदीप पटवाल, चंडी प्रसाद, मोहन पंवार, लाल सिंह समेत बड़ी संख्या में वन कर्मी एवं व्यापारी मौजूद रहे।



# महिला यात्री घोड़े से गिरकर घायल

रुद्रप्रयाग। पुलिस चौकी जंगलचट्टी के समीप एक महिला यात्री घोड़े से गिरी जिसके कारण उनके सर पर चोट आई सूचना मिलते ही डी0डी0आर0एफ0टीम जंगलचट्टी मौके पर जाकर यात्री को टफढ जंगलचट्टी में लाये जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सोनप्रयाग अस्पताल के लिए रैफर कर दिया टीम द्वारा कड्डी के माध्यम से गौरीकुण्ड भिजवाया महिला यात्री का नाम ,,अलका वहन ह/ड अशोक भाई प्रजापति जो गुजरात, अहमदाबाद के रहने वाली है।

# नैल–देवपुरी में हुआ बहुउदेशीय शिविर का आयोजन




चमोली। विकासखंड गैरसैंण में खंसर घाटी के सुदूरवर्ती गांव नैल–देवपुरी में शनिवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में बहुउदेशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्रीय जनता ने 133 समस्याएं दर्ज की। जिसमें से अधिकांश समस्याओं का जिलाधिकारी ने मौके पर निस्तारण किया। विभागीय स्टॉलों के माध्यम से शिविर में तमाम प्रमाण पत्र जारी करने के साथ ही क्षेत्रवासियों को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। विभागीय स्टॉलों पर 495 से अधिक लोंगों को लाभान्वित किया गया। दूरस्थ क्षेत्र नैल देवपुरी में बहुउदेशीय शिविर आयोजित करने पर क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान जिलाधिकारी ने शिविर में लगे विभागीय स्टालों का निरीक्षण भी किया।जिलाधिकारी ने कहा कि शिविरों के माध्यम से आम जनता की शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करने का प्रयास किया जा रहा है साथ ही मुख्यालय स्तर पर भी शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने संबधित अधिकारियों को जनता की शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए अगले 15 दिनों में शिकायतों के निस्तारण आख्या भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शिविर में नैल, देवपुरी, झूमाखेत, जलचौरा, कण्डारीखोडा, बछुआवाण, माईथान, कुसरानी, तैलीधार, कलविष्ट सेरा आदि गांवों के लोगों ने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, पेयजल, पेंशन, आवास, आर्थिक सहायता आदि से जुडी समस्याऐं जिलाधिकारी के समक्ष रखी।क्षेत्रवासियों ने विनायक धार से कस्वी नगर थराली तक 5 किलोमीटर मोटर मार्ग निर्माण न होने की समस्या प्रमुखता से रखी। बताया कि वन विभाग से स्वीकृति न मिलने के कारण वर्षो से इस सडक का निर्माण नही हो पा रहा है। इस 05 किमी. सडक निर्माण से नैल क्षेत्र से थराली की 120 किलोमीटर से अधिक दूरी कम हो जाएगी। इस पर जिलाधिकारी ने लोनिवि एवं वन विभाग को शासन स्तर से प्राथमिकता पर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बूंगीधार–पत्थरकट्टा सडक कटिंग से लाटी खर्क तोक में भूस्खलन की समस्या, मालकोट–तेवाखर्क सडक निर्माण में देरी, नैल–पत्थरकट्टा–देवपुरी सडक कटिंग का कार्य पूरा कराने, कंडारीखोड सडक पर भूस्खलन की समस्या के कारण एलाइनमेंट बदलने, माईथान–चौखुटिया, बाटाधार–धुनारघाट और गैरसैंण–पज्याणा मोटर मार्ग सुधारीकरण न होने की समस्या पर जिलाधिकारी ने लोनिवि और पीएमजीएसवाई को शीघ्र समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। देवपुरी, लामबगड़, स्यूणी मल्ली में पीएमजीएसवाई की सडक कटिंग से पेयजल लाईन, पैदल रास्ते व गौशाला क्षतिग्रस्त होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने पेयजल आपूर्ति की तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था कराते हुए एसडीएम को संबधित अधिकारियो के साथ मौका मुआयना कर समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए।

## नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

चमोली। थराली में एक नाबालिग को भगाने के आरोप में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। साथ ही नाबालिग को भी सुरक्षित बरामद किया है। नाबालिक की मां ने थाना थराली में एक जून को गांव के ही एक युवक पर शंका व्यक्त करते हुए थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी थराली देवेंद्र रावत ने बताया कि सूचना पर आरोपी के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेन्द्र डोबाल द्वारा उक्त मामले का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी को टीम गठित की। पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग अमित कुमार सैनी के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गयी। पुलिस टीम द्वारा अपहता नाबालिक की बरामदगी तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीम को रवाना किया गया।

सूचना पर महिला उपनिरीक्षक शिखा टेग्रवाल और टीम द्वारा शुक्रवार देर शाम अपहता को नामजद आरोपी के कब्जे से सकुशल कुलसारी के पास से बरामद किया। बताया कि आरोपी उसे दिल्ली ले जा रहा था।

# पर्यावरण संरक्षण को सामूहिक प्रयास जरूरी: डॉ. जोशी

नई टिहरी। मिशन लाइफ के तहत टीएचडीसी टिहरी ने बहुद्देशीय हाल भागीरथीपूरम में पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए भारत के नेतृत्व वाला वैश्विक जल आंदोलन विषय एक सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार का शुभारंभ बतौर मुख्य वक्ता के तौर पर ख्याति प्राप्त पर्यावरणविद् हैस्को के संस्थापक डा अनिल जोशी व टीएचडीसी टिहरी काम्प्लैक्स के ईडी एलपी जोशी ने स्टाफ के साथ दीप प्रज्वलन कर किया। सेमिनार में पर्यावरण संरक्षण को वैश्विक स्तर पर एक सामूहिक सोच व प्रयास की पहल पर जोर देते हुए डॉ. अनिल जोशी ने कहा कि आज प्राण वायु की जरूरत हर देश व हर नागरिक को है। इसका अंदाजा कोविड काल में पूरे विश्व के देशों को पता चला चुका है। किसी तरह से प्राण वायु के बिना हाहाकार मच गया था। आज अमेरिका जैसा सक्षम देश भी पर्यावरण संरक्षण की पहल हर स्तर पर कर रहा है। इसलिए मानव जीवन के लिए एक स्वच्छ पर्यावरण की जरूरत है। जीवन को चलाने के लिए पर्यावरण संरक्षण व स्वस्थ पारिस्थिकी तंत्र का मजबूत होना जरूरी है। बेहतर जीवन शैली व विलासिता की दौड़ में पर्यावरण संरक्षण की अनदेखी मानव को कभी भी भारी पड़ सकती है। इसलिए विकास के साथ पारिस्थितकीय तंत्र को मजबूत करते हुए आगे बढ़ने



की जरूरत है। जलवायु परिवर्तन के लिए पूरी तरह से मानव को जिम्मेदारी ठहराते हुए जोशी ने कहा कि हमें दोहरे चरित्र से बचना होगा। दोहरा चरित्र यह है कि अपने घर को साफ व घर के सामने की सड़क को अपना न समझकर गंदा छोड़ना दोहरा चरित्र है। जिसे त्याग कर पूरे शहर, शहर की सड़कों व यहां की गंदगी के लिए अपने आप को कहीं न कहीं जिम्मेदार मानते हुए इसके लिए कदम उठाने होंगे। बढ़ते पालीथीन प्रदूषण के लिए प्रत्येक व्यक्ति जब तक जिम्मेदारी नहीं लेगा। इसे खत्म नहीं किया जा सकता है। इसके लिए किसी सरकार, संस्थान व देश को जिम्मेदार ठहराने के बजाय इसके लिए होने वाले प्रयासों अपनी भूमिका तय करना जरूरी है।

टीएचडीसी से डा जोशी ने अपील करते हुए कहा कि उन्होंने उच्च तकनीका का विश्वस्तरीय बांध बनाया है। इसके ही टीएचडीसी पर्यावरण व पारिस्थिकीय तंत्र की ओर कदम बढ़ाते हुए झील के आस–पास के क्षेत्रों व गांवों को पर्यावरण संरक्षण की पहल के साथ जोड़े। टीएचडीसी के ईडी जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि विकास व पारिस्थकीय तंत्र को मजबूत करते हुए हमें बीच का रास्ता तय करना होगा। विकास व पर्यावरण संरक्षण के साथ सामंजस्य बिठाते हुए संतुलित विकास को आगे बढ़ाना होगा, क्योंकि विकास और पर्यावरण दोनों ही बेहद जरूरी है। इसके लिए उन्होंने डॉ. जोशी के सामुदायिक पहल की विचारधारा का समर्थन किया। इस मौके पर टीएचडीसी के ईडी एलपी जोशी, मुख्य महा प्रबंधक आरआर सेमवाल, महाप्रबंधक कोटेश्वर अनिरूद्ध विश्नोई, महाप्रबंधक यात्रिक एम के सिंह, सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट दुर्गेश शुक्ला, डीजीएम पर्यावरण शिवराज सिंह चौहान, अपर महा प्रबंधक पीएसपी मल्लिकार्जुन, डा नमिता डिमरी, मनबीर सिंह नेगी, दीपक उनियाल, आरडी ममगाई, दिनेश कोठारी, संजय बहुगुणा, सुषमा बहुगुणा, हिमानी आदि मौजूद रहे।

# रामलीला मैदान थराली में चार दिवसीय अभिनीत बधाणी महोत्सव का रंगारंग आगाज





चमोली। रामलीला मैदान थराली में 4 दिनों तक चलने वाला अभिनीत बधाणी महोत्सव का रंगारंग आगाज हो गया है। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि थराली विधायक भूपाल राम टम्टा,विशेष अतिथि ब्लाक प्रमुख नारायण बगड़ यशपाल सिंह नेगी विशिष्ट अतिथि कविता नेगी ब्लाक प्रमुख थराली मौजूद रहे समारोह का उद्घाटन विधायक थराली भूपाल राम टम्टा मेला अध्यक्ष रमेश देवराडी,मेला संरक्षक राकेश जोशी,विशेष अतिथि ब्लाक प्रमुख नारायणबगड़ यशपाल सिंह नेगी ब्लाक प्रमुख थराली कविता देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया इस अवसर पर विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मेला हमारी संस्कृति के ध्वजवाहक हैं जो हमे आपस मे मिलाने का काम करती इसे संरक्षित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए और हम अपने आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति से रूबरू करा सकें इस मोके पर छात्र/ छात्राओं द्वारा स्वागत गीत तथा प्रदीप बुटोला, भागचंद द्वारा गढ़वाली गीत तथा ओम शांति द्वारा शांति का पाठ पढ़ाया महिला मगल दल द्वारा मांगल गीत गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया समारोह के अध्यक्ष रमेश देवराड़ी ने बताया कि समारोह के दौरान यहां के स्थानीय कलाकारों को मंच देना उनकी प्रतिभा को उजागर करना हमारी प्राथमिकता है । कार्यक्रम के पहले दिन प्रदीप एंड टीम ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं महोत्सव में मत्स्य पालन, कृषि विभाग, उद्योग विभाग,समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए इस अवसर पर थराली के पूर्व प्रमुख एवं महोत्सव के संरक्षक राकेश जोशी, संयोजक गंगा सिंह बिष्ट, महंत राजनीशा नन्द, कैलाश चन्द्र, अनिल देवराड़ी, पिंडर घाटी बहुउद्देशीय विकास एवं बधाणी समिति के अध्यक्ष प्रेम चंद्र, सुभाष देवराड़ी,नंदा बल्लभ, राहुल राज,रोशन, हर्षपाल रावत भाजपा मंडल अध्यक्ष नंदू बहुगुणा, जिला गंगा सिंह बिष्ट, महिपाल सिंह भंडारी, नैन सिंह खत्री, दिग्पाल नेगी, भगत नेगी, कृष्णपाल गुसाईं , ओम शांति से मंजू देवी, प्रेम बुटोला, जिला पंचायत सदस्य देवी जोशी ,क्षेत्र पंचायत सदस्य भाष्कर पांडे, राकेश भरद्वाज आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रमेश देवराड़ी ने किया।

## मोरारी बापू करेंगे जिलासू में राम कथा

चमोली। पंच प्रयागों में से एक कर्णप्रयाग के जिलासू में प्रसिद्ध संत मोरारी बापू राम कथा का आयोजन करेंगे। कथा का शुभारंभ 17 जून से होगा।

25 जून तक चलने वाली इस राम कथा की तैयारी के लिए आयोजक सुरभि शोध संस्थान के कार्यकर्ता यहां पहुंच गए हैं। सुरभि शोध संस्थान के निदेशक सूर्यकांत जालान और ट्रस्टी हरीश चंद्र त्रिपाठी ने शनिवार को जीएमवीएन पर्यटक आवास कालेश्वर में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रदेश के पांचों प्रयागों में संत मोरारी बापू की कथा करने की इच्छा है। जिसमें देवप्रयाग में पूर्व में कथा का आयोजन हो चुका है। अब कर्णप्रयाग में 17 जून से कथा होगी। त्रिपाठी ने बताया कि रामकथा में मणिपुर हिंसा में प्रभावितों का स्मरण किया जाएगा।

# बेरोजगारी है विकराल, गंभीर बने!




भारत में बेरोजगारी असल समस्या का मुखौटा मात्र है। उस मुखौटे के पीटे अंडरइंपलयमेंट और परोक्ष बेरोजगारी का विशाल संकट है। जाहिर है, भारत के सामने एक एक दुश्चक्र में फंसने का खतरा है।

भारत सरकार के ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश में वेतनभोगी महिला कर्मियों की संख्या दो साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। वैसे कुल मिला कर रोजगार की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है, भले शहरों में युवा कर्मियों के लिए स्थिति कुछ बेहतर हुई हो। सावधिक श्रम शक्ति सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक (पीएलएफएस) की यह रिपोर्ट का संदेश यह है कि भारत में युवा आबादी के जिस लाभ की चर्चा अक्सर की जाती है, व्यावहारिक रूप से वैसा होने की स्थितियां बन नहीं रही हैं। अगर क्वलिटी एम्प्लयमेंट की बात करें, तो सूरत और भी खराब नजर आती है। ताजा रिपोर्ट ने पहले से मौजूद ऐसी जानकारियों एक बार फिर से पुष्टि की है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत में शहरी बेरोजगारी दर अप्रैल से जून 2020 की तिमाही में 209 फीसदी पर पहुंच गई थी। तब से बेरोजगारी दर तो कम हुई है, लेकिन अपेक्षित तनख्वाह वाली नौकरियां कम ही उपलब्ध हैं। जबकि नौकरी खोजने वालों की तादाद लगातार बढ़ रही है।

स्थिति यह है कि युवा आबादी कम वेतन वाले काम पाकर भी अपने को सौभाग्यशाली मानते हैं। यह काम भी ना मिले, तो वे अपना कोई छोटा-मोटा काम कर लेते हैं, जिन्हें सरकार स्वरोजगार बताती है। लगभग 14 अरब लोगों की आबादी के साथ भारत चीन को पीटे छोड़ दुनिया की सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है। इस आबादी का आधे से ज्यादा यानी लगभग 53 फीसदी 30 साल से कम आयु के हैं। भारत के इस जनसंख्या-लाभ की चर्चा सालों से हो रही है, लेकिन अच्छी नौकरियां ना होने के कारण करोड़ों युवा असल में अर्थव्यवस्था पर बोझ बनते जा रहे हैं। आर्थिक शोध एजेंसी आईसीआरआईईआर ने बताया है कि बेरोजगारी समस्या का मुखौटा मात्र है। उस मुखौटे के पीटे अंडरइंपलयमेंट और परोक्ष बेरोजगारी का विशाल संकट है। जाहिर है, भारत के सामने एक दुश्चक्र में फंसने का खतरा है। अगर रोजगार दर कम होती रही तो आय कम होगी और आय कम हुई तो युवाओं और बढ़ती आबादी के लिए नए रोजगार पैदा करने के लिए धन उपलब्ध नहीं होगा। बेशक, यह देश के सामने सबसे गंभीर समस्या है।

# एमपी, एमएलए की ऐसे सदस्यता जाने लगी तो आगे क्या?

अजीत द्विवेदी

समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता आजम खान की हेट स्पीच मामले में रिहाई ने विधायकों, सांसदों की आनन-फानन में सदस्यता समाप्त करने, उनकी सीटों को खाली घोषित करने और उपचुनाव कराने की जल्दी पर बड़ा सवाल खड़ा किया है। इस बारे में विधानमंडल और संसद के दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों के साथ साथ चुनाव आयोग को भी गंभीरता से विचार करना चाहिए। निश्चित रूप से देश की सर्वोच्च अदालत को भी अपने 2013 के फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। क्योंकि इस पर अमल करने से ऐसी गलतियां होने की संभावना है, जिनका सुधार संभव ही नहीं है। आजम खान के मामले में ऐसी ही गलती हुई है।

आजम खान ने 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान एक चुनावी सभा में कुछ बातें कही थीं, जिन्हें हेट स्पीच माना गया। इस पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया और पिछले साल विशेष एमपी, एमएलए कोर्ट ने आजम को दोषी ठहरा कर तीन साल की सजा सुना दी। इसके बाद आनन-फानन में विधानसभा के स्पीकर ने उनकी सदस्यता समाप्त कर दी और उनकी रामपुर सदर सीट को खाली घोषित कर दिया। इसके तुरंत बाद चुनाव आयोग ने उपचुनाव की घोषणा कर दी, जिसमें भाजपा के आकाश सक्सेना जीत गए। अब वे रामपुर सदर सीट के विधायक हैं और इस बीच जिला अदालत ने आजम खान को बरी कर दिया। इतना ही नहीं सुनवाई के बाद पता चला कि जिस व्यक्ति ने शिकायत की थी उसे जिले के निर्वाचन अधिकारी यानी तत्कालीन कलेक्टर ने मजबूर किया था कि वह शिकायत दर्ज कराए।

सोचें, अब क्या होगा? क्या कोई न्यायिक या संवैधानिक व्यवस्था है, जिसमें आजम खान की सदस्यता बहाल हो सके? तभी सवाल है कि क्या अदालतों से लेकर संसद, विधानसभा और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं को ऐसी सजा के बारे में बहुत सोच विचार कर फैसला नहीं करना चाहिए, जिसमें भूल सुधार की कोई गुंजाइश न हो? आजम खान के मामले में ऐसा सवाल खड़ा हुआ है, जिस पर तमाम राजनीतिक और वैचारिक पूर्वाग्रह से ऊपर उठ कर विचार करने की जरूरत है। सदस्यता खत्म करने की इस व्यवस्था और कानून को लेकर जिन खतरों का अंदेशा पहले से जाहिर किया जा रहा था वह खतरा अब सामने आ गया है। सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई 2013 में लिली थमस और एक गैर सरकारी संगठन की याचिका पर यह फैसला सुनाया था कि किसी भी चुने हुए प्रतिनिधि को किसी भी मामले में अगर दो साल या उससे ज्यादा की सजा होती है तो उसकी सदस्यता तत्काल खत्म हो जाएगी। इसके साथ ही अदालत ने यह भी कहा था कि अगर ऊपर की अदालत में दोषी व्यक्ति की याचिका मंजूर हो जाती है और सजा पर रोक लग जाती है तो सदस्यता अपने आप बहाल हो जाएगी।

हाल के कम से कम दो मामलों में इस फैसले की सीमाएं और कमियां जाहिर हुई हैं। एक मामला राहुल गांधी का है, जिसमें उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा सूरत की अदालत में चल रहा था और अदालत ने राहुल के वकीलों की तमाम



दलीलों को ठुकराते हुए उनको उस अपराध में होने वाली दो साल की अधिकतम सजा सुना दी। मानहानि के मामले में आमतौर पर अधिकतम सजा नहीं सुनाई जाती है लेकिन राहुल को सजा हुई और उसी समय उनकी सदस्यता समाप्त हो गई। यह एक चिंताजनक घटना है, जिसका दूरगामी असर हो सकता है। कर्नाटक के कोलार में दिए भाषण के लिए किसी ने गुजरात के सूरत में मुकदमा दर्ज किया और केरल की वायनाड सीट के सांसद की सदस्यता समाप्त हो गई! सोचें, यह कितना चिंताजनक है! ऐसा किसी के साथ हो सकता है। किसी के भाषण की कोई बात पकड़ कर देश के किसी भी हिस्से में कोई व्यक्ति मानहानि का मुकदमा कर दे और अदालत उस पर अधिकतम सजा सुना दे तो सदस्यता खत्म हो जाएगी!

अदालत के फैसले की दूसरी खामी या कमी इस चेतावनी का सच साबित होना है कि सत्तारूढ़ दल विपक्षी पार्टियों के नेताओं की सदस्यता खत्म करने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। यह आजम खान के मामले में दिखा है। शिकायत करने वाले ने खुद माना है कि निर्वाचन अधिकारी के दबाव डालने पर उसने मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सत्तारूढ़ दल की भूमिका दिखती है। उसके बाद सजा होते ही जिस तेजी से स्पीकर ने उनकी सदस्यता समाप्त की और सीट खाली घोषित की वह भी एक चिंताजनक ट्रेंड है, जो राहुल गांधी और लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैसल के मामले में भी दिखी। इसके बाद चुनाव आयोग ने जिस तेजी से उस खाली सीट पर उपचुनाव का ऐलान किया है वह भी इस फैसले के खतरे की ओर इंगित करता है। अगर सीट खाली रहती, उस पर उपचुनाव नहीं हुआ होता तो मुकदमे से बरी होने या ऊपरी अदालत से सजा पर रोक लगने के बाद सदस्यता तुरंत बहाल हो जाती, जैसा कि मोहम्मद फैसल के मामले में हुआ। लेकिन रामपुर सीट के मामले में ऐसा नहीं हो सकता है क्योंकि आजम खान की सदस्यता बहाल करने के लिए पिछले साल के अंत में हुए उपचुनाव को निरस्त करना होगा।

ध्यान रहे सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार एक अध्यादेश ले आई थी, जिसे राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से फाड़ दिया था और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट का फैसला लागू हो गया। इस फैसले की वजह से लालू प्रसाद निचली अदालत से सजायाफ्ता होने के बाद चुनाव नहीं लड़ सके। अब नए सिरे से सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर विचार की जरूरत है। वह विचार संसद में हो या सर्वोच्च अदालत में हो, यह अपनी जगह है। लेकिन विचार अनिवार्य रूप से होना चाहिए। इसमें चुने गए प्रतिनिधियों के बचाव की व्यवस्था भी होनी चाहिए। इसके लिए तीन प्रावधान किए जा सकते हैं। पहला तो यह कि अपराध की श्रेणी तय हो। गंभीर या संज्ञेय अपराध के मामले में ही सजा होने पर सदस्यता खत्म होने की व्यवस्था होनी चाहिए। दूसरा प्रावधान सांसदों या विधायकों से जुड़े मामले में सुनवाई की समय सीमा तय करने का हो सकता है ताकि सर्वोच्च अदालत तक में उस समय सीमा के अंदर सुनवाई हो सके और अंतिम फैसला आ सके। ऐसा नहीं करना अंतिम अदालत से दोषी ठहराए जाने तक बेकसूर होने के प्रातिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन है।

तीसरा, जब तक अंतिम फैसला नहीं आता है तब तक चुनाव आयोग उपचुनाव नहीं कर-ाए। गंभीर अपराध में निचली अदालत की ओर से सजा सुनाए जाने के बाद सदस्यता समाप्त हो भी जाए तब भी उस सीट को खाली रखना चाहिए और ऊपरी अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। यह सही है कि लोकसभा या विधानसभा की सीट छह महीने से ज्यादा खाली नहीं रहनी चाहिए लेकिन यह कोई ऐसा पवित्र प्रावधान नहीं है, जिसका उल्लंघन नहीं होता है। खास परिस्थितियों में ज्यादा समय तक सीट खाली रह सकती है। विशेष परिस्थितियों में जम्मू कश्मीर चार साल से ज्यादा समय से बिना विधानसभा के है और 2014-15 में दिल्ली भी छह महीने से ज्यादा समय तक बिना विधानसभा के थी। कई महानगरों में कार्यकाल खत्म हो जाने के बाद महीनों से नगरीय निकायों के चुनाव भी नहीं हुए हैं। इसलिए अगर एकाध विधानसभा या लोकसभा सीट छह महीने या एक साल खाली रह जाती है तो उससे कोई आफत नहीं आ जाएगी। लेकिन इससे यह सुनिश्चित हो जाएगा कि किसी चुने हुए प्रतिनिधि के साथ ऐसा अन्याय नहीं होगा, जिसे सुधारा नहीं जा सके।

**मानहानि के मामले में आमतौर पर अधिकतम सजा नहीं सुनाई जाती है लेकिन राहुल को सजा हुई और उसी समय उनकी सदस्यता समाप्त हो गई। यह एक चिंताजनक घटना है, जिसका दूरगामी असर हो सकता है। कर्नाटक के कोलार में दिए भाषण के लिए किसी ने गुजरात के सूरत में मुकदमा दर्ज किया और केरल की वायनाड सीट के सांसद की सदस्यता समाप्त हो गई! सोचें, यह कितना चिंताजनक है! ऐसा किसी के साथ हो सकता है। किसी के भाषण की कोई बात पकड़ कर देश के किसी भी हिस्से में कोई व्यक्ति मानहानि का मुकदमा कर दे और अदालत उस पर अधिकतम सजा सुना दे तो सदस्यता खत्म हो जाएगी!**
**अदालत के फैसले की दूसरी खामी या कमी इस चेतावनी का सच साबित होना है कि सत्तारूढ़ दल विपक्षी पार्टियों के नेताओं की सदस्यता खत्म करने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।**

# कांग्रेस कार्यसमिति बनाना सबसे मुश्किल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के लिए ज्यादा मुश्किल पदाधिकारियों का चयन है या कांग्रेस कार्य समिति का गठन ज्यादा मुश्किल है? कांग्रेस के नेता मान रहे हैं कि कार्य समिति बनाना सबसे बड़ी चुनौती है। जानकार सूत्रों के मुताबिक पदाधिकारियों के चयन में कोई मुश्किल नहीं आने वाली है। अभी सोनिया गांधी की बनाई टीम काम कर रही है और उसमें खडगे कोई खास बदलाव नहीं करेंगे। जो महासचिव जिस राज्य में प्रभारी है उसके वहां बने रहने की ज्यादा संभावना है। अगर कुछ बदले जाएंगे तो उनकी संख्या बहुत कम होगी। इसी तरह कांग्रेस का संचार विभाग है उसमें भी बदलाव की संभावना ज्यादा नहीं दिख रही है। कुछ नए प्रवक्ता नियुक्त हो सकते हैं, कुछ राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष बनेंगे और यूथ कांग्रेस सहित कुछ अनुषंगी संगठनों में नई नियुक्ति होनी है।

असली मुश्किल कार्य समिति बनाने की है, जिसमें एक मुद्दा तो यह है कि किन लोगों को इसमें रखा जाए ताकि कार्य समिति नई भी दिखे, साख भी बनी रहे और परिवार के प्रति निष्ठावान सारे लोग एडजस्ट भी हो जाएं। ध्यान रहे कांग्रेस के अंदर जो जी-23 बना था, उसके बाद से सोनिया व राहुल गांधी दोनों बहुत आशंकित हैं। वे ऐसे लोगों को कार्य समिति में नहीं लाना चाहते हैं, जो नेतृत्व पर सवाल उठा सकें। इसी से जुड़ा दूसरा चुनौती वाला मुद्दा चुनाव और मनोनयन का है। कार्य समिति में आधे सदस्यों के चुनाव का प्रावधान है। लेकिन लग नहीं रहा है कि पार्टी इसके लिए तैयार है।

खडगे के अध्यक्ष बनने के बाद जब कार्य समिति की चर्चा हुई थी तो कहा गया था कि राहुल गांधी चाहते हैं कि 11 सदस्यों का चुनाव हो। लेकिन उसके बाद यह चर्चा स्थगित हो गई। तभी लग रहा है कि सभी सीटों पर सदस्यों को मनोनीत करने का अधिकार अध्यक्ष को दे दिया जाएगा और वे निष्ठावान लोगों को कार्य समिति में मनोनीत कर देंगे।

# पुनरुत्थान की साक्षी

पी टी उषा

एक खिलाड़ी के रूप में अपनी यात्रा पर विचार करने और अब भारतीय ओलंपिक संघ की पहली महिला अध्यक्ष होने पर, मैं गर्व और संतुष्टि की गहरी भावना से अभिभूत हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, पिछले नौ वर्षों के दौरान भारतीय खेलों में हुए अभूतपूर्व बदलाव वास्तव में विस्मयकारी रहे हैं। परिवर्तनकारी अवसंरचना विकास से लेकर विशेष ध्यान केंद्रित करने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम और धनराशि आवंटन को बढ़ाने तक, हमारे देश ने खेल उपलब्धियों में अभूतपूर्व वृद्धि देखी है।

भारतीय खेलों में हुए इस बदलाव के सबसे उल्लेखनीय पहलुओं में से एक है - विशेष रूप से ग्रामीण और वंचित पृष्ठभूमि से आने वाली महिला एथलीटों का अविश्वसनीय प्रदर्शन। विभिन्न चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, इन महिलाओं ने अद्वितीय दृढ़ संकल्प और सहनशीलता का प्रदर्शन किया है। एथलेटिक्स, हकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कुश्ती, भारोत्तोलन और मुक्केबाजी जैसे खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उनकी उल्लेखनीय सफलताय उनकी अदम्य भावना और अटूट समर्पण का प्रमाण देतीं हैं।

प्रधानमंत्री मोदी का खिलाडियों के साथ व्यक्तिगत जुड़ाव वास्तव में प्रेरणादायक रहा है। एथलीटों के कल्याण में उनके अटूट समर्थन और वास्तविक रुचि से विश्वास और प्रेरणा की एक मजबूत भावना विकसित हुई है। एथलीटों के साथ प्रधानमंत्री की बातचीत, उनके प्रोत्साहन के शब्द और खिलाडियों की प्रगति में उनकी गहरी दिलचस्पी से खेल बिरादरी में गर्व और जिम्मेदारी की भावना पैदा हुई है। यह व्यक्तिगत जुड़ावय भारतीय एथलीटों के आत्मविश्वास बढ़ाने और विजेता बनने की मानसिकता के निर्माण में एक लंबी दूरी तय कर चुका है।

खेलों के बजट आवंटन में भारत सरकार द्वारा की गयी वृद्धि, हमारी सफलता की एक महत्वपूर्ण प्रेरक शक्ति रही है। खेलों की परिवर्तनकारी शक्ति की पहचान करते हुए, सरकार ने खेलों के लिए धनराशि आवंटन को लगातार प्राथमिकता दी है, जिसके परिणामस्वरूप अवसंरचना निर्माण, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और एथलीटों के कल्याण में गुणात्मक वृद्धि हुई है। बढ़ी हुई वित्तीय सहायता ने एथलीटों को बिना किसी वित्तीय बाधा के उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान किए हैं और इससे यह भी सुनिश्चित हुआ है कि उनका ध्यान केवल खेल उत्ष्टता हासिल करने पर बना रहे।

खेलो इंडिया पहल, खेल संसति को बढ़ावा देने और एक मजबूत जमीनी आधार तैयार करने में सहायक रही है। इस कार्यक्रम ने न केवल खेलों में भागीदारी को प्रोत्साहित किया है, बल्कि युवा एथलीटों को महत्वपूर्ण समर्थन और मार्गदर्शन भी प्रदान किया है। खेलो इंडियाय अंतर-स्कूल और अंतर-कलेज प्रतियोगिताओं का आयोजन करके देश के कोने-कोने से छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने में सफल रहा है। कार्यक्रम ने युवा एथलीटों को बड़े सपने देखने के लिए आवश्यक विश्वास और प्लेटफार्म उपलब्ध कराया है। इस प्रतियोगिता ने खेल के प्रति जुनून को जागृत किया है और भविष्य के चौंपियन के लिए मार्ग प्रशस्त किया है।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किया गया फिट इंडिया अभियान ने देश की आरोग्यता और तंदुरूस्ती के परिदृश्य को बदलने में एक उत्प्रेरक की भूमिका निभायी है। एक सक्रिय जीवन शैली के महत्व पर जोर देते हुए, अभियान ने लाखों भारतीयों को खेलों को अपनाने और अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया है। एक आरोग्य और स्वस्थ राष्ट्र,श् की ओर इस बदलाव ने हमारे एथलीटों की सफलता में प्रत्यक्ष योगदान दिया है, क्योंकि शारीरिक तंदुरूस्ती खेल उत्ष्टता की आधारशिला होती है।

लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टप्स), भारतीय खेलों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली सबसे प्रभावशाली पहलों में से एक है। टप्स का कार्यान्वयन गेम-चेंजर रहा है, क्योंकि यह देश की बेहतरीन खेल प्रतिभाओं की पहचान करता है और उनका पोषण व मार्गदर्शन करता है। इस योजना के माध्यम से, एथलीटों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण, विशिष्ट कोचिंग और वित्तीय सहायता प्राप्त होती है। इस योजना से यह भी सुनिश्चित हुआ है कि उनके पास वैश्विक मंच पर उत्ष्ट प्रदर्शन करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों। व्यक्ति आधारित ध्यान और विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने निस्संदेह हमारे एथलीटों के असाधारण प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इसके अलावा, राष्ट्र,शीय उत्ष्टता केंद्र (एनसीओई) की स्थापना ने भारत में खेल परिदृश्य में क्रांति ला दी है। ये केंद्र अत्याधुनिक अवसंरचना, अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं तथा शीर्ष प्रशिक्षकों व सहायक कर्मचारियों तक पहुंच आदि की सुविधा प्रदान करते हैं। एनसीओई उत्ष्टता के केंद्र बन गए हैं, जहां एथलीट विश्व स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं और अंतरराष्ट्र,शीय मानकों से अवगत होते हैं। इसने खिलाडियों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और इससे उन्हें अपनी वास्तविक क्षमता का अनुभव प्राप्त करने में सहायता मिली है।

खेलों पर प्रधानमंत्री के विशेष ध्यान और खेल विकास के प्रति सरकार के समग्र दृष्टिकोण के फलस्वरूप भारत ने अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। हमारे एथलीटों ने ओलंपिक, एशियाई खेलों, राष्ट्र,श्मंडल खेलों और विश्व चौंपियनशिप में पदक जीतकर और रिकर्ड बनाकर नई ऊंचाइयों को टुआ है। भारतीय खेल को अब विश्व स्तर पर सम्मान मिलता है और हमारे एथलीटों को सच्चे चौंपियन के रूप में देखा जाता है।

मेरा हमेशा से दृढ़ विश्वास रहा है कि खेल, सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है। युवा भारतीयों को खेलों से अवगत कराने से उनके शारीरिक स्वास्थ्य और चरित्र निर्माण में सुधार होगा तथा यह सामाजिक सुधार और हमारे मानव संसाधन विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। माननीय पीएम नरेन्द्र मोदी जी की सरकार, जिसने अभी-अभी अपना 9वां वर्ष सफलतापूर्वक पूरा किया है, के साथ मिलकर भारतीय ओलंपिक संघ सामूहिक रूप से यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रहा है कि हमारे युवा विभिन्न प्रकार के खेलों में रुचि लें, ताकि हम एक देश के रूप में महान ओलंपिक आदर्श सिटियस, अल्टियस, फोर्टियसय अर्थात् अधिक तेज, अधिक ऊंचा, अधिक मजबूत के लक्ष्य के और करीब पहुंचें!

**खेलो इंडिया पहल, खेल संसति को बढ़ावा देने और एक मजबूत जमीनी आधार तैयार करने में सहायक रही है। इस कार्यक्रम ने न केवल खेलों में भागीदारी को प्रोत्साहित किया है, बल्कि युवा एथलीटों को महत्वपूर्ण समर्थन और मार्गदर्शन भी प्रदान किया है। खेलो इंडियाय अंतर-स्कूल और अंतर-कलेज प्रतियोगिताओं का आयोजन करके देश के कोने-कोने से छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने में सफल रहा है। कार्यक्रम ने युवा एथलीटों को बड़े सपने देखने के लिए आवश्यक विश्वास और प्लेटफार्म उपलब्ध कराया है। इस प्रतियोगिता ने खेल के प्रति जुनून को जागृत किया है और भविष्य के चौंपियन के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किया गया फिट इंडिया अभियान ने देश की आरोग्यता और तंदुरूस्ती के परिदृश्य को बदलने में एक उत्प्रेरक की भूमिका निभायी है।**
**एक सक्रिय जीवन शैली के महत्व पर जोर देते हुए, अभियान ने लाखों भारतीयों को खेलों को अपनाने और अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया है। एक आरोग्य और स्वस्थ राष्ट्र,श् की ओर इस बदलाव ने हमारे एथलीटों की सफलता में प्रत्यक्ष योगदान दिया है, क्योंकि शारीरिक तंदुरूस्ती खेल उत्ष्टता की आधारशिला होती है। लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टप्स), भारतीय खेलों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली सबसे प्रभावशाली पहलों में से एक है।**

# दोनों देशों के रिश्ते और होंगे प्रगाढ़

अजय दीक्षित

प्रधानमंत्री मोदी की तीन दिवसीय अस्ट्रेलिया यात्रा से दोनों देशों के वीच द्विपक्षीय रिश्ते और रणनीतिक साझेदारी और अधिक मजबूत हुए हैं। नई दिल्ली और कैनवरा के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने और नई ऊंचाइयों पर ले जाने का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया जाना चाहिए। नरेन्द्र मोदी 2014 में भारत के प्रधानमंत्री वने और उसी वर्ष नवम्बर में उन्होंने अस्ट्रेलिया राजकीय यात्रा की। उनके पहले 1986 में तव के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने नवरा की यात्रा की थी। कहा जा सकता है कि करीव तीस वर्षों का कालखंड ऐसा रहा जिसमें किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री को अस्ट्रेलिया की याद नहीं आई। या हो सकता है कि उस समय का वैश्विक परिदृश्य ऐसा नहीं था कि भू- राजनीतिक दृष्टि से अस्ट्रेलिया भारत के लिए बहुत महव नहीं रखता हो। प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा इस अर्थ में ज्यादा महवपूर्ण है कि दोनों देशों के रिश्ते अव आम जनता के स्तर तक पहुंच गए हैं। भारतीय मूल के लोगों के एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के साथ अस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्वनीज, वहां के पूर्व प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेताओं की उपस्थिति यह बताती है कि अस्ट्रेलिया के लिए भारत कितना महवपूर्ण हो गया है। भारत के लिए भी अस्ट्रेलिया कि महवपूर्ण है, यह इस बात से रेखांकित होता है कि कैनवरा की यह यात्रा क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए आयोजित हुई थी।

# खूबसूरती का खजाना है संतरे का छिलका..बिना पार्लर के पाएं दमकती त्वचा

दमकती त्वचा के लिए पार्लर जाना.क्र काफी महंगा है! लेकिन क्या हो अगर पार्लर वाला ग्लो घर में ही मिल जाएं. इसलिए आज आपको बताएंगे कुछ कमाल के घरेलू नुस्खे, जो इस चिलचिलाती गर्मी में न सिर्फ आपको आराम देंगे, बल्कि आपकी त्वचा को ताजगी और नर्मी भी देंगे. बता दें कि इन घरेलू उपायों का असर पार्लर की तरह महज कुछ घंटे या फिर कुछ दिनों तक नहीं, बल्कि लंबे समय तक रहता है, और सबसे खास बात तो ये कि इसके इस्तेमाल में ज्यादा खर्च भी नहीं आता, तो फिर चलिए शुरू करते हैं..

बता दें कि आज हम आपको



बताएंगे संतरे के छिलके से फेस पैक बनाना, जी हां. अगर आप ये तरकीब एक बार सीख गएं, तो फिर कम पैसों में हमेशा निखरती और कोमल त्वचा रख पाएंगे. शुरू करें इससे पहले ये भी जान लें कि ये फेस पैक पार्लर वाले की तरह केमिकल युक्त नहीं, बल्कि पूरी तरह से नेचुरल है. संतरे के छिलके में मौजूद कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम जैसे गुण इसे आपकी त्वचा के लिए और भी ज्यादा प्रभावी बनाते हैं..

संतरे के छिलके और बेसन का मास्करू ये मास्क काफी आपकी त्वचा के लिए काफी ज्यादा प्रभावी सिद्ध होगा, इससे आपके चेहरे पर निखार उभर कर नजर आएगा.क्र कैसे बनाएंरू पहले एक बड़ा चम्मच बेसन और संतरे के छिलके का पाउडर लें, फिर एक चम्मच शहद में दोनों को मिलाएं, और ये लीजिए आपका पेस्ट तैयार है. अब इसे फेस पैक की तरह मास्क पर लगाएं.

संतरे के छिलके और चावल का आटारू चावल के आटे और संतरे के छिलके से बना फेस मास्क आपकी दमकती त्वचा का राज बन सकता है. साथ ही आप कुछ दिनों के इसके इस्तेमाल के बाद अपने चेहरे पर नरमी महसूस करेंगे.क्र कैसे बनाएंरू पहले 2 बड़े चम्मच चावल का आटा और संतरे के छिलकों का पाउडर लें, फिर एक कटोरे में दोनों को अच्टे से मिलाएं. अब इसमें आवश्यकतानुसार गुलाब जल डालकर पेस्ट तैयार करें और फिर चेहरे पर फेस मास्क की तरह लगा लें.

एलोवेरा जेल और संतरे के छिलकेरू एलोवेरा से बना फैस मास्क कई तरह से आपके लिए लाभकारी होगा, ये न सिर्फ आपकी त्वचा को कोमलता देगा, बल्कि दाग-धब्बों पर भी असरदार साबित होगा.क्र कैसे बनाएंरू पहले 2 बड़े चम्मच एलोवेरा जेल लें, फिर इसमें संतरे के छिलकों के पाउडर के साथ 2-3 बूंद नींबू का रस एक कटोरी में डालकर मिक्स करें. तैयार पेस्ट को फेस मास्क की तरह अपने चेहरे पर लगाएं, कुछ दिनों के इस्तेमाल के बाद ये आपकी स्किन के रैशेज और खुजली को हमेशा-हमेशा के लिए दूर कर देगा.

## भरत इंद्र चहल को झटका, हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत देने से किया इंकार

**चंडीगढ़ , एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के सलाहकार भरत इंद्र चहल को आज हाईकोर्ट ने झटका दिया है।?कोर्ट ने चहल को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। चहल के खिलाफ ?विजिलेंस आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच कर रही है। कोर्ट ने विजिलेंस को आदेश दिया कि वे इस पूरे मामले की स्टेटस रिपोर्ट जमा कराए, उसके बाद एफआईआर दर्ज करने का फैसला लिया जाएगा। जस्टिस राजमोहन सिंह ने भरत इंदर चहल को निर्देश दिया है कि वह विजिलेंस के समक्षपेश हों और उनके पास जो भी रिकार्ड है वह विजिलेंस के समक्ष पेश करें।उल्लेखनीय है कि चहल विजिलेंस के समक्ष पेश नहीं हो रहे हैं।

## इंटरनेशनल सिंडिकेट का भंडाफोड़, 800 किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त

**सिडनी , एजेंसी।** आस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस ने 800 किलोग्राम से अधिक कोकीन की तस्करी करने के प्रयास में एक अंतरराष्ट्रीय अपराध सिंडिकेट के तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 24 मई को पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया (डब्ल्यूए) पुलिस बल और वॉलंटियर मरीन रेस्क्यू डब्ल्यूए ने फ्रेमेंटल के तट से लगभग 22 किमी दूर रोटेनेस्ट द्वीप के पास फंसे 10 मीटर के केबिन क्रूजर के चालक दल की सहायता की। क्रूजर पर सवार तीन लोगों ने पुलिस को बताया कि उन्हें इंजन में परेशानी का सामना करना पड़ा, हालांकि ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उन्हें नाव चलाने का सीमित अनुभव था। इस दौरान पुलिस अधिकारियों को पानी से भरे बैलस्ट टैंक में डूबे हुए 29 संदिग्ध पैकेज मिले जिसमें से प्रत्येक में कोकीन पाया गया। दो लोगों को बुधवार को गिरफ्तार किया गया और पर्थ में हिरासत में ले लिया गया, जबकि तीसरे को सिडनी में गिरफ्तार किया गया क्योंकि वह देश से बाहर भागने की तैयारी में था।

## जापान की प्रजनन दर में लगातार सातवें साल गिरावट

**टोक्यो , एजेंसी,।** जापान की प्रजनन क्षमता 2022 में रिकॉर्ड निचले स्तर 1.26 पर आ गई। इसमें लगातार सातवें साल गिरावट रही। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल प्रति महिला के जीवनकाल में जन्म लेने वाले बच्चों की औसत संख्या 1.26 थी, जो 2021 के आंकड़े से 0.05 कम है। टोक्यो में सबसे कम प्रजनन दर 1.04 थी, इसके बाद मियागी में 1.09 और होक्काइडो में 1.12 थी, जबकि ओकिनावा में उच्चतम प्रजनन दर 1.70 थी, इसके बाद मियाजाकी में 1.63 और टोटोरी में 1.6 थी।

# ओडिशा में एक और हादसा: झरने का जहरीला पानी पीने से 3 लोगों की मौत, 6 की हालत गंभीर

**जामताड़ा, एजेंसी।** उड़ीसा के बड़बिल स्थित जोड़ा में एक झरने का जहरीला पानी पीने से जामताड़ा के रहने वाले तीन लोगों की हालत बिगड़ गई और बारी–बारी कर तीनों की मौत हो गई, जबकि इसी झरने का जहरीला पानी पीकर बीमार हुए 6 लोगों का गंभीर हालत में जामताड़ा, धनबाद और रांची समेत अन्य जगहों पर इलाज चल रहा है।

मरने वालों में चेंगायडीह के खास टोला के ताहिर हुसैन का 24 वर्षीय बेटा रियाज अंसारी, अकलू मियां का 25 साल का बेटा कमरूद्दीन अंसारी और नारायणपुर थाना क्षेत्र के मंझलाडीह गांव का आदिवासी युवक शामिल है।

मृतक आदिवासी युवक के बारे में जामताड़ा की मेडिकल टीम जानकारी जुटाने में लगी है। जबकि, गंभीर रूप से बीमार फजलूल मियां के बेटे आरिफ का धनबाद में इलाज चल रहा है।

वहीं नारायणपुर के नारोडीह के युवक का रांची रिम्स में इलाज चल रहा है। जबकि सदर अस्पताल में जामताड़ा में चीरूडीह में 24 वर्षीय गुलाम अंसारी व



महबूब अंसारी का इलाज जामताड़ा सदर अस्पताल में चल रहा है।

वहीं, दो गंभीर रूप से बीमार युवकों का अलग–अलग जगहों पर इलाज चल रहा है। इन सबका जामताड़ा की मेडिकल टीम सूचना के आधार पता लगाने में जुटी है। जामताड़ा मेडिकल टीम की निगरानी इलाजरत गुलाम अंसारी व महबूब अंसारी ने बताया कि वे लोग केबल का काम करने एक ठेकेदार के साथ उड़ीसा के बड़बिल गए थे।

जामताड़ा के नौ लोग एक साथ इस टीम में शामिल थे। वहीं बड़बिल स्थित जोरा के पास एक झरने में पहले उन्होंने बेतहाशा गर्मी में नहाया और फिर उसका पानी भी पी लिया।

इस दौरान वहां के स्थानीय लोगों ने उन्हें यहां नहाता देख सबको तुरंत झरने से बाहर निकलने को कहा और तत्काल डाक्टरी जांच की सलाह दी।

झरने के पास ही एक चेतावनी वाला बोर्ड भी लगा था, लेकिन वे इसपर झारने में उतरने से पहले ध्यान ना दे पाए। इसमें झरने में ना नहाने और पानी का इस्तेमाल ना करने की सलाह दी गई थी।

बाहर निकलने के कुछ ही देर बाद सबकी हालत बिगड़ने लगी और पूरे बदन में दर्द के साथ तेज बुखार व कंपकंपी आने लगी।

उनकी बिगड़ती हालत देख उनका ठेकेदार वहां से भाग खड़ा हुआ। आनन–फानन में वहां डाक्टरों से दवाई लेकर वे जल्दबाजी में अपने घर के लिए निकल पड़े।मामले की जांच को पहुंची जामताड़ा सदर अस्पताल की मेडिकल टीम दो गंभीर रूप से बीमार चीरूडीह के लोगों की जांच को पहुंची। जहां पता चला कि एक जून को चेंगायडीह के रहने वाले रियाज अंसारी की पहले ही मौत हो चुकी है।साथ ही इसी गांव के कमरूद्दीन की मौत दो जून हुई। जबकि, नारायणपुर थाना क्षेत्र के मंझलाडीह के रहने वाले आदिवासी युवक ने भी दो जून को ही दम तोड़ दिया है।सभी मरने वालों के लक्षण एक जैसे थे। इनकी मौत तेज बुखार, बदन दर्द और हाई टाइफाइड की वजह से हुई। साथ ही इनके मुंह से लगातार झाग आने की शिकायत मिल रही थी।

टीम में प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डा नीलेश कुमार, वेक्टर जनित रोग सलाहकार रत्नेश शर्मा, एमपी डब्ल्यू मनोज कुमार तिवारी, रूपेश कुमार, लैब टैक्निशियन बबलू कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।टीम ने बताया कि जामताड़ा सदर अस्पताल में इलाजरत गुलाम अंसारी व महबूब अंसारी में लगातार तेज बुखार के साथ बदन दर्द और हाई टाइफाइड के लक्षण दिख रहे हैं।सदर अस्पताल जामताड़ा में भर्ती दोनों लोगों में लगातार तेज बुखार के साथ बदन दर्द की शिकायत देखने को मिल रही है। मुंह से झाग भी निकल रहा है। शुरूआती दौर में इनमें हाइटा-इफाइड के लक्षण दिख रहे हैं। उड़ीसा ब्रेन मलेरिया वाले जोन माना जाता है।

इसकी भी जांच की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ साफ हो सकेगा। धनबाद और रांची में भर्ती लोगों की रिपोर्ट भी मंगवाई जा रही है, ताकि इनके लक्षणों को जान इनका बेहतर इलाज किया जा सके।

## सोमालिया में हवाई हमले में अल–शबाब के तीन आतंकी मारे गए

**मोगादिशू , एजेंसी।** सोमालिया सरकार के समर्थन में यूनाइटेड स्टेट्स अफ्रीका कमांड (अफ्रीकॉम) द्वारा किए गए हवाई हमले में दक्षिणी सोमालिया में अल–शबाब के तीन आतंकवादी मारे गए। अमेरिकी सेना ने यह जानकारी दी। सोमाली सरकार के अनुरोध पर सामूहिक आत्मरक्षा हड़ताल दक्षिणी बंदरगाह शहर किसमायो से लगभग 60 किलोमीटर दक्षिण–पश्चिम में वायंता क्षेत्र में हुई। सैन्य कार्रवाई सोमालिया की संघीय सरकार की सुरक्षा चुनौतियों को व्यापक रूप से संबोधित करने के प्रयासों का सिर्फ एक हिस्सा है। उसका प्रारंभिक आकलन है कि कोई भी नागरिक घायल या मारा नहीं गया। पिछले साल सोमाली के राष्ट्रपति हसन शेख महमूद द्वारा उग्रवादियों के खिलाफ युद्ध की घोषणा के बाद से अल–शबाब के खिलाफ तेज हमले के बीच ताजा हवाई हमला किया गया।

## कुमार बर्वे ने मैरीलैंड लोक सेवा आयुक्त पद की ली शपथ

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** कुमार पी. बर्वे, अमेरिका में राज्य विधानमंडल के लिए चुने गए पहले भारतीय–अमेरिकी हैं, जिन्होंने आधिकारिक तौर पर मैरीलैंड लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में शपथ ली है। रॉकविले निवासी बर्वे के अगले सप्ताह पद ग्रहण करने की उम्मीद है। गवर्नर वेस मूर ने कमिश्नर पैट्रिस एम. बुबर के उत्तराधिकारी के रूप में इन्हें नामित किया गया।

बुबर ने 18 मई, 2022 से इस पद पर कार्य किया है। पिछले महीने इस पद के लिए उन्हें चुनते हुए, गवर्नर मूर ने कहा था कि बर्वे मैरीलैंड हाउस ऑफ डेलिगेट्स के अनुभवी हैं और पर्यावरण और परिवहन समिति के भीतर उनका नेतृत्व उन्हें इस भूमिका के लिए आदर्श उम्मीदवार बनाता है।मूर ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि कर चुकाने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए पर्यावरणीय नेतृत्व के प्रति अपने प्रशासन की प्रतिबद्धता को मजबूत करने की बर्वे की क्षमता है।

अपनी नियुक्ति से पहले, बर्वे ने 1991 से मैरीलैंड हाउस ऑफ डेलिगेट्स में पर्यावरण और परिवहन समिति के अध्यक्ष, अधिकांश नेता, अधिकांश व्हिप और मॉन्टगोमरी काउंटी हाउस प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष सहित नेतृत्व की भूमिकाएं निभाई थीं।महासभा में रहते हुए उन्होंने पर्यावरण नियमन, ऊर्जा उत्पादन और संरक्षण, और ग्रीनहाउस गैस में कमी सहित कई मुद्दों पर काम किया।सिल्वर स्प्रिंग में पेंट ब्रांच हाई स्कूल के स्नातक बर्वे ने बी.एस. जॉर्ज टाउन विश्वविद्यालय से लेखा में बी.एस.अर्जित किया।

## मुंबई में करंट से नाबालिग की मौत

**मुंबई , एजेंसी।** बीएमसी आपदा नियंत्रण ने शनिवार को बताया कि बिजली के खंभे के संपर्क में आने से छह साल की एक बच्ची करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई। एक अन्य लड़का घायल हो गया। सांताक्रुज ईस्ट के वकोला में चैतन्य कॉलोनी में आधी रात से ठीक पहले हुई इस घटना की सूचना शनिवार सुबह मिली और बचाव दलों को भेजा गया।

घटना में लड़की तहरीन परवीन इफ्तिखार गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे बीएमसी के वी.एन. देसाई अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पांच वर्षीय लड़का तनीश पीए शिंदे घायल हो गया। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

बिजली के खंभे से करंट कैसे गुजरा, इसका कारण स्पष्ट नहीं है और संबंधित अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

# अभूतपूर्व गर्मी और सूखे से दुनिया की गेहूं आपूर्ति को खतरा : स्टडी

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** अमेरिका और चीन के गेहूं उत्पादक क्षेत्रों में अत्यधिक तापमान की संभावना काफी बढ़ गई है, जो फसल की पैदावार को प्रभावित कर सकती है। एक अध्ययन में ये जानकारी सामने आई है। जर्नल एनपीजे क्लाइमेट एंड एटमॉस्फेरिक साइंस में प्रकाशित जानकारी के मुताबिक हर सौ साल में एक बार होने वाली हीट वेभ अब मिडवेस्टर्न यूएस में हर छह साल में एक बार और पूवीत्तर चीन में हर 16 साल में एक बार होने की संभावना है।

अमेरिका और चीन को ग्लोबल ब्रेडबास्केट माना जाता है ऐसे क्षेत्र जो दुनिया में अनाज की जरूरतों का उत्पादन करते हैं। यदि ये फसलें एक साथ या अन्य मुख्य फसलों की तरह एक



ही समय में विफल हो जाएंगी, तो इसका दुनिया भर में भोजन की कीमत और उपलब्धता पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

अध्ययन उस स्थिति के बारे में है जिसके लिए लोगों को तैयारी करने की जरूरत है, भले ही ऐसी स्थिति अभी पैदा नहीं हुई है।

टफ्ट्स विश्वविद्यालय में फ्राइडमैन स्कूल ऑफ न्यूट्रिशन साइंस एंड पॉलिसी के एसोसिएट प्रोफेसर एरिन कफलान डी पेरेज ने कहा, ऐतिहासिक रिकॉर्ड अब यह नहीं बताता है कि भविष्य के लिए हम क्या उम्मीद करें।

कफलान डी पेरेज ने कहा, हम एक बदली हुई जलवायु में रह रहे हैं और लोग क्लाइमेंट चेंज से पैदा होने वाले हालातों को नजरअंदाज कर रहे हैं।

इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज की सबसे हालिया रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दशक में औसत वैश्विक तापमान 1850 और 1900 के बीच की तुलना में 1.1 डिग्री सेल्सियस अधिक था।अध्ययन के लिए, कफलन डी पेरेज और उनकी टीम ने पिछले 40 वर्षों से मौसमी पूवार्नुमानों का एक बड़ा समूह एकत्र किया।

उन्होंने तापमान और वर्षा में हजारों संभावित विविधताओं को उत्पन्न करने के लिए इस समूह का उपयोग किया।

शीतकालीन गेहूं की फसलें पतझड़ के मौसम में बढ़ती हैं और अगली गर्मियों में काटी जाती हैं। वसंत में उच्च तापमान, जब गेहूं का पौधा फूल रहा होता है, गेहूं के विकास को प्रभावित कर सकता है।

27.8 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पर पौधे गर्मी से प्रभावित होने लगते हैं। 32.8 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान होने पर गेहूं में महत्वपूर्ण एंजाइम टूटने लगते हैं।

कफलन डी पेरेज ने कहा कि रिकॉर्डतोड़ गर्मी और रिकॉर्डतोड़ सूखा एक दूसरे से जुड़े हुए हैं।

इन दो खतरों का संयोजन गेहूं की फसल को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है।

# कोरोमंडल और हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन दुर्घटना को लेकर रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया

**नई दिल्ली , एजेंसी ।** कोरोमंडल एक्सप्रेस और सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल हावड़ा एक्सप्रेस दक्षिण पूर्व रेलवे के खडग़पुर डिवीजन में बहनागा बाजार के पास पटरी से उतर जाने की वजह से लगभग 233 लोगों की मृत्यु हो गई और लगभग 900 लोग घायल हुए जिन का इलाज नजदीक के अस्पताल में किया जा रहा है। रेल मंत्री अश्वनी वैभव ने घटनास्थल पर जाकर जायजा लिया और एनडीआरएफ और रेलवे के बचाव दल को आदेश दिया कि जल्द से जल्द राहत कार्य यह जाए और घायलों को उचित उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जाए। उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भी घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली आया और घायलों की उचित इलाज के लिए राज्य सरकार के स्वास्थ्य कर्मियों को आदेश दिया कि कोई भी कोताही न बरती जाए और सभी को उचित इलाज जल्द से जल्द किया जाए।

अश्वनी वैभव ने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और इसकी पूरी जांच के लिए कमेटी बना दी गई है की घटना किसकी लापरवाही से हुई है लेकिन सबसे पहले अभी जितने भी घायल लोग हैं उनका उचित इलाज जरूरी है इसलिए एनडीआरएफ की टीम और रेलवे बचाव दल के कर्मी मिलकर घायल लोगों की मदद कर रहे हैं। कल देर रात ट्रेन संख्या 12841 कोरोमंडल एक्सप्रेस (हावड़ा–चेन्नई) बहनागा बाजार स्टेशन के पास पटरी से उतर गई, ट्रेन नंबर 12864 एसएमवीबी–एचडब्ल्यूएच सुपर फास्ट एक्सप्रेस (सर एम. विश्वेश्वरैय्या टर्मिनल हावड़ा) भी बहनागा बाजार स्टेशन पर पटरी से उतर गई। बहनागा बाजार रेलवे स्टेशन खडग़पुर–पुरी लाइन पर रेलवे का एक स्टेशन है जो, उड़ीसा के बालासोर ज़िले में दक्षिण–पूर्व रेलवे क्षेत्र के खडग़पुर रेलवे डिविजन के तहत हावड़ा चेन्नई मुख्यलाइन का हिस्सा है। दुर्घटना के तुरंत बाद सेल्फ प्रोपेल्ड एक्सीडेंट रिलीफ मेडिकल वैन (एसपीएआरएमई) दुर्घटना राहत ट्रेन (एआरटी) को खडग़पुर, बालासोर और संतरागाछी से बुलाया गया।बचाव और राहत कार्यों में समन्वय के लिए रेलवे अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुँच गए हैं।

रेलवे का पूरा ध्यान यात्रियों को बचाने और हताहतों की संख्या को कम करने पर है। युद्ध स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। एनडीआरएफ की टीम, मेडिकल टीम, एंबुलेंस आदि दुर्घटना स्थल पर पहुँच गए हैं।दुर्घटना में फंसे यात्रियों की जानकारी के लिए रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। हेल्पलाइन नम्बर इस प्रकार हैं–

हावड़ा हेल्पलाइन नंबर– 033–26382217

खडग़पुर हेल्पलाइन नंबर– 8972073925 & 9332392339

बालासोर हेल्पलाइन नंबर– 8249591559 & 7978418322

शालीमार हेल्पलाइन नंबर–: 9903370746

संतरागाछी जंक्शन हेल्पलाइन नंबर–: 8109289460, 8340649469

## एलजी मनोज सिन्हा ने की बाबा बर्फानी की प्रथम पूजा, अमरनाथ यात्रा की तैयारी पूरी

**श्रीनगर , एजेंसी।** अमरनाथ यात्रा पहली जुलाई से शुरू हो रही है। यात्रा की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।?आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस साल की प्रथम पूजा की है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पूजा में श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के कई अधिकारी भी शामिल हुए। उप राज्यपाल ने कहा कि हमारी कोशिश रहेगी कि देश–विदेश से जो भी श्रद्धालु अमरनाथ आएं, वे अपने साथ एक अच्छा अनुभव साथ लेकर जाएं।

उन्होंने प्रदेश व देश में शांति, सुरक्षा समृद्धि के वातावरण की कामना की। साथ ही प्रदेश की जनता से तीर्थयात्रा को सुरक्षित, शांत व एवं विश्वासपूर्ण वातावरण बनाने में सहयोग करने के लिए भी गुजारिश की है।

## आंध्र के सीएम ने ओडिशा ट्रेन दुर्घटना स्थल का दौरा करने को पैनल का किया गठन

**अमरावती , एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने शनिवार को ओडिशा के बालासोर जिले में ट्रेन दुर्घटना स्थल का दौरा करने के लिए आईएएस अधिकारियों के एक उच्च स्तरीय पैनल का गठन किया। पैनल की अध्यक्षता राज्य के आईटी मंत्री जी अमरनाथ करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा शनिवार को यहां सीएमओ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक करने और स्थिति की समीक्षा करने के बाद यह निर्णय लिया गया।

उन्होंने उन्हें ओडिशा के सीएमओ और रेलवे विभाग के अधिकारियों के संपर्क में रहने का निर्देश दिया।

जगन मोहन रेड्डी ने उन्हें शिकायतों से निपटने और तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए जिला कलेक्टरों के कार्यालयों में जांच और शिकायत प्रकोष्ठ स्थापित करने के लिए भी कहा।

नागरिक आपूर्ति आयुक्त अरुण कुमार, वाणिज्यिक कर आनंद के संयुक्त आयुक्त और श्रीकाकुलम के संयुक्त कलेक्टर नवीन के साथ अमरनाथ दुर्घटनास्थल का दौरा करेंगे और राहत और बचाव कार्यों में मदद करेंगे।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विशाखापत्तनम, विजयनगरम, और श्रीकाकुलम जिलों के अस्पतालों में घायलों के इलाज और चिकित्सा प्रदान करने और एंबुलेंस भी तैयार रखने का निर्देश दिया।उन्होंने उन्हें ताजा घटनाक्रम से अवगत कराने का भी निर्देश दिया।

# ओडिशा ट्रेन हादसा : खुद का खून देकर घायलों की जान बचाने सैकड़ों युवा, अस्पतालों में लगीं लाइनें

**भुवनेश्वर , एजेंसी।** ओडिशा के बालासोर जिले में विनाशकारी ट्रेन त्रासदी के घायल पीड़ितों के लिए सैकड़ों स्थानीय युवा अस्पतालों में रक्तदान करने के लिए कतार में खड़े हैं। शुक्रवार शाम को हुई दुर्घटना की खबर फैलते ही युवा रक्तदान करने के लिए बालासोर जिला मुख्यालय अस्पताल और भद्रक में रात भर लाइन में लगे रहे। नवीनतम जानकारी के अनुसार, बहनागा स्टेशन के पास हुए भीषण ट्रेन हादसे में 260 से अधिक लोगों के मारे जाने और 900 से अधिक के घायल होने की पुष्टि हुई है। दुर्घटना में कोरोमंडल एक्सप्रेस और एसएमवीटी–हावड़ा सुपर फास्ट एक्सप्रेस के 17 डिब्बे पटरी से उतर गए।

कतार में खड़े एक युवक ने कहा, हम (लगभग 25 स्वयंसेवक) स्वेच्छा से रक्तदान करने के लिए यहां बालासोर अस्पताल आए हैं। अगर हमारा खून किसी की जान बचा सकता है, तो इससे बढकऱ कोई और खुशी नहीं हो सकती।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बालासोर अस्पताल का दौरा किया और घायल यात्रियों से बातचीत की। उन्होंने इतने लोगों की जान बचाने के लिए स्थानीय लोगों और प्रशासन को धन्यवाद दिया। पटनायक ने मीडियाकर्मियों से कहा, मैं बेहद इस ट्रेन दुर्घटना से बहुत दुःखी हूं। मैं स्थानीय लोगों और स्थानीय टीम को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने लोगों को मलबे से बचाने के लिए रात भर काम किया। ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना ने ऐसे दुःखद समय में रक्तदान के लिए युवा स्वयंसेवकों को धन्यवाद दिया।

जेना एक ट्वीट में कहा, यहां बालासोर में रात भर में 500 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। वर्तमान में 900 यूनिट स्टॉक में है। इससे दुर्घटना पीड़ितों के इलाज में मदद मिलेगी। मैं उन सभी स्वयंसेवकों का व्यक्तिगत रूप से ऋणी और आभारी हूं, जिन्होंने एक नेक काम के लिए रक्तदान किया है।

## ओडिशा रेल हादसे के बाद भाजपा ने रद्द किया आज का देशभर का कार्यक्रम

**नई दिल्ली , एजेंसी।** ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार शाम को हुए भयावह रेल हादसे पर दुख जताते हुए भाजपा ने केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों के साथ–साथ देश भर में होने वाले पार्टी के सारे कार्यक्रमों को शनिवार के लिए स्थगित कर दिया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वयं इसकी सूचना देते हुए ट्वीट कर बताया, ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार शाम को हुआ भयावह रेल हादसा अत्यंत ही दुखद और मन को शोकाकुल कर देने वाला है। मैं इस हृदय विदारक घटना से मर्माहत हूं। इस भीषण रेल दुर्घटना को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों के साथ–साथ देश भर में होने वाले अपने सारे कार्यक्रमों को आज के लिए स्थगित कर दिया है। नड्डा ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए आगे कहा, मैं परमपिता परमेश्वर से शोक संतप्त परिवारों को इस असहनीय पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना करता हूं। ईश्वर मृतकों की आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें। ओम शांति।

## भारत और नेपाल के बीच फुकोट कर्णाली जलविद्युत परियोजना के विकास के लिए नेपाल ने समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली , एजेंसी,।** हैदराबाद हाउस में भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के माननीय प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंडइ की गरिमामयी उपस्थिति में नेपाल की फुकोट कर्णाली जलविद्युत परियोजना (480मेगावाट) के विकास के लिए एनएचपीसी लिमिटेड (भारत सरकार का उद्यम) और विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (वीयूसीएल), नेपाल के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान–प्रदान किया गया।

एनएचपीसी लिमिटेड, भारत सरकार का एक अनुसूची 'एइ उद्यम है जिसे 'मिनी रत्नइ श्रेणी का दर्जा प्राप्त है और जिसकी गणना जलविद्युत के विकास के लिए भारत में एक अग्रणी संगठन के रूप में की जाती है तथा विद्युत उत्पादन कंपनी, नेपाल सार्वजनिक–निजी भागीदारी मॉडल के आधार पर बड़ी जलविद्युत परियोजनाओं के विकास, निर्माण, स्वामित्व और प्रचालन का उत्तरदायित्व है।

एमओयू का आदान–प्रदान श्री आर.के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी और श्री सूर्य प्रसाद रीजाल, प्रबंध निदेशक, वीयूसीएल द्वारा किया गया। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया जाना विद्युत क्षेत्र में सहयोग के संबंध में भारत–नेपाल के संयुक्त विजन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

यह परियोजना विद्युत उत्पादन के लिए कर्णालीनदी के प्रवाह का उपयोग करेगी और इस परियोजना से उत्पादित ऊर्जा नेपाल की एकीकृत विद्युत प्रणाली में फीड की जाएगी। इस परियोजना की संस्थापित क्षमता लगभग 2448 जीडब्ल्यूएच के औसत वार्षिक विद्युत उत्पादन के साथ 480 मेगावाट होगी। 109 मीटर ऊंचा आरसीसी बांध और एक भूमिगत पावर हाउस हैइस परियोजना की प्रमुख विशेषता है। पावर हाउस में प्रत्येक 79 मेगावाट की 06 टर्बाइन होगी। इसके अतिरिक्त, न्यूनतम पर्यावरणीय प्रवाह का उपयोग करने के लिए 6 मेगावाट क्षमता का एक सरफेस पावर हाउस अर्थात प्रत्येक 3 मेगावाट की दो मशीनों को भी स्थापित करने की योजना है। इस परियोजना की परिकल्पना पीकिंग रन–ऑफ–रिवर (पीआरओआर) प्रकार की योजना के रूप में की गई है।

# इंग्लैंड ने पहले दो टेस्ट मैच के लिए टीम का किया एलान, जेम्स एंडरसन की हुई वापसी




नई दिल्ली, । इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलियाके बीच अगले महीने एशेज सीरीज खेली जाएगा। शनिवार को इंग्लैंड ने एशेज सीरीज के पहले दो टेस्ट मैच के लिए 16 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। आयरलैंड के खिलाफ डेब्यू करने वाले जोश टोंग को एशेज सीरीज के लिए टीम में जगह दी गई है। ओली रॉबिन्सन और जेम्स एंडरसन ने वापसी की है।

जेम्स एंडरसन की वापसी से इंग्लैंड की तेज गेंदबाजी आक्रमण और भी मजबूत हो गई है। उम्मीद की जा रही है कि पहले टेस्ट मैच में वह स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ फिट बैठेंगे। वहीं, टीम में मार्क वुड, मैथ्यू पॉट्स और क्रिस वोक्स के साथ जोश टोंग मौजूद हैं, जो अपनी गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया के पसीने छुड़ा सकते हैं।

**बेन स्टोक्स की बॉलिंग पर संदेह**

कप्तान बेन स्टोक्स की बॉलिंग को लेकर संदेह है, लेकिन हाल ही में कोच ब्रैडन मैकुलम ने कहा था कि वह गेंदबाजी में तेजी से इम्प्रुव कर रहे हैं।

मैच में जरूरत के हिसाब से गेंदबाजी कर सकते हैं। 9 महीने बाद आयरलैंड के खिलाफ क्रिकेट में वापसी करने वाले जॉनी बेयरस्टो एशेज सीरीज में भी टीम के लिए कीपिंग करते हुए दिखाई देंगे।

**डैन लॉरेंस को रखा गया है रिजर्व में**

बता दें कि रिजर्व बल्लेबाज के तौर पर डैन लॉरेंस को रखा गया है। इंग्लैंड का सबसे बड़ा फैसला पहले टेस्ट के लिए अपने पेस अटैक को चुनना होगा, जिसमें उनके पास बहुत सारे विकल्प मौजूद होंग।

इंग्लैंड टीम : बेन स्टोक्स (कप्तान), ओली पोप, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), जो रूट, जेम्स एंडरसन, स्टुअर्ट ब्रॉड, हैरी ब्रूक, जैक लीच, बेन डकेट, जक क्रॉली, मैथ्यू पॉट्स, ओली रॉबिन्सन, डैन लॉरेंस, क्रिस वोक्स , मार्क वुड, जोश टोंग।

## पत्नी साक्षी ने दिया ऐसा रिएक्शन कि वायरल हो गया वीडियो

नई दिल्ली,चेन्नई सुपरकिंग्स ने पांचवीं बार आईपीएल खिताब जीता। एमएस धोनी के नेतृत वाली सीएसके ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से मात देकर खिताब अपने नाम किया।

याद दिला दें कि सीएसके की टीम पिछले साल अंक तालिका में 9वें स्थान पर थी। वहां से उसने बेहतरीन बदलाव करते हुए इस साल खिताब जीता। ध्यान दिला दें कि सीएसके को 15 ओवर में 171 रन का संशोधित लक्ष्य मिला था, जिसके येलो आर्मी ने आखिरी गेंद पर पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया था।

साक्षी धोनी ने क्या किया

खिताब जीतने के बाद सीएसके के खिलाड़ी जश्न मनाने में जुटे हुए थे। कप्तान एमएस धोनी आईपीएल ट्रॉफी को देखते हुए अपने साथियों से बातचीत कर रहे थे। तब धोनी की पत्नी साक्षी ने उन्हें इशारे से अपने पास बुलाया। साक्षी के इशारों से समझ आ रहा है कि उन्होंने कहा कि ट्रॉफी छोड़ो और यहां आकर हमसे मिलो। धोनी ने अपनी पत्नी की बात मानी और उन्हें व अपनी बेटी जीवा को गले लगाया।

# एक ही दिल कितनी बार जीतोगे! दिखी माही की महानता अंबाती रायुडू ने बताया



नई दिल्ली, आईपीएल 2023 में सीएसके ने पांचवी बार एतिहासिक जीत दर्ज की। जीत के बाद प्रेजेंटेशन सेरेमनी में टीम के कप्तान एमएस धोनी ने अंबाती रायुडू और रवींद्र जडेजा को ट्रॉफी लेने के लिए आगे बुलाया। अब रायुडू ने इस बात पर खुलासा करते हुए धोनी के ऐसा करने की वजह बताई है।

क्यों धोनी ने दोनों खिलाड़ियों को बुलाया—

रायुडू ने बताया कि सेरेमनी से पहले धोनी ने उन्हें और जड्डू को कहा कि वह (धोनी) चाहते है कि वो दोनों ट्रॉफी लेते वक्त उनके साथ शामिल हो। उन्हें लगा कि हम दोनों को ट्रॉफी उठाने के लिए बुलाने का यह सबसे सही वक्त था। यह धोनी की तरफ से हमारे लिए काफी खास पल था और मुझे नहीं लगता ऐसा कभी पहले हुआ होगा। रायुडू ने कहा कि ऐसे महान इंसान हैं वो, जिसे पूरी दुनिया जानती है।

रायुडू ने क्रिकेट से लिया संन्यास—

आईपीएल 2023 के फाइनल की पूर्व संध्या पर रायडू ने भारतीय क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने की घोषणा की रायुडू ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट लिखते हुए सबका शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने लिखा कि आईपीएल की जीत के बाद की रात काफी भावनात्मक थी। इस मौके पर मैं क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले रहा हूं। उन्होंने कहा कि जब मैंने घर पर टेनिस बॉल के साथ क्रिकेट खेलना शुरू किया, तो मैंने कभी ऐसे करियर की उम्मीद नहीं की थी।

धोनी के साथ बिताए पल खास—

रायडू ने पूर्व भारतीय कप्तान धोनी की तारीफ करते हुए कहा कि सीएसके और टीम इंडिया दोनों में धोनी भाई के साथ खेलना एक बड़ा सौभाग्य रहा है। पिछले दो दशकों में मैदान के अंदर और बाहर हमारी कुछ बेहतरीन यादें हैं, जो हमेशा मेरे दिल के करीब रहेंगी।

सीएसके को खलेगी रायुडू की कमी—

मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने भी सीएसके की जीत के बाद रायडू की तारीफ की। उन्होंने कहा कि टीम को बल्लेबाज की कमी खलेगी, लेकिन खेल चलता रहेगा। रायुडू का संन्यास लेना टीम और उनके लिए काफी इमोशनल है।

# वसीम अकरम ने शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट का उज्ज्वल भविष्य बताया



नई दिल्ली, आईपीएल 2023 के दौरान कई युवा खिलाड़ियों ने बेहतर परफॉर्मेंस के दम पर टूर्नामेंट में अपना नाम बनाया। शुभमन गिल ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम की। उन्होंने टूर्नामेंट में तीन शतक लगाकर 890 रन बनाए। वह विराट कोहली और जोस बटलर के बाद ऐसा करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं।

गायकवाड़ टीम का भविष्य—

इस बीच पाकिस्तान के दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने शुभमन गिल को नहीं बल्कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ को भारतीय क्रिकेट का उज्ज्वल भविष्य बताया है। अकरम ने स्पोर्ट्सकीड़ा के साथ बातचीत में कहा कि गायकवाड़ ने हाई प्रैशर वाले मैचों में बेहतरीन परफॉर्म किया। साथ ही शारीरिक रूप से काफी फिट हैं।

बेहतरीन फील्डर हैं गायकवाड़—

अकरम ने आगे कहा कि वह अभी काफी युवा है और एक बेहतरीन फील्डर हैं। वह भारतीय क्रिक्रेट और फेंचाइजी क्रिक्रेट का उज्वल भविष्य हैं। गायकवाड़ लीग में 590 रन के साथ ऑरेंज कैप लिस्ट में सातवें नंबर पर रहे हैं। वह सीएसके के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।

**आईपीएल 2023 में गायकवाड़ का प्रदर्शन**

सीएसके के इस खिलाड़ी ने सीजन में 42.14 की ओसत से 4 अर्धशतक लगाए हैं। उन्होंने फाइनल में अहम भूमिका निभाते हुए मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी जीता। उन्होंने फाइनल में 16 गेंदों में 26 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली।

# फेल होगी कंगारू टीम की हर रणनीति, पूर्व खिलाड़ी ने की बड़ी भविष्यवाणी




नई दिल्ली, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 7 जून से द ओवल के मैदान पर रोहित की पलटन को कंगारू टीम से भिड़ना है। कप्तान रोहित खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं, तो खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम चोटिल ऋषभ पंत और केएल राहुल के बिना उतरेगी। ऐसे में इंग्लैंड की मुश्किल कंडिशंस में टीम इंडिया की नैया को पार लगाने का जिम्मा विराट कोहली के कंधों पर होगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिक्रेटर ग्रेग चैपल का मानना है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल में कोहली का 'विराट' बल्ला जमकर बोलेगा।

**फाइनल में कोहली मचाएंगे धमाल**

एक शो पर बातचीत करते हुए ग्रेग चैपल ने कोहली की तारीफों के जमकर पुल बांधे। उन्होंने कहा, "विराट कोहली को 2014 और 2021 में स्टुअर्ट ब्रॉड और बाकी इंग्लिश गेंदबाजों ने इंग्लैंड में काफी सवाल पूछे थे। उन्होंने बेहतरीन लाइन एंड लेंथ पर गेंदबाजी करते हुए परिस्थितियों का सही फायदा उठाया था। उनको पता था कि कोहली बेस्ट हैं और इस वजह से उन्होंने गेंदबाजी करते हुए पूरी जी–जान झोंक दी थी। ऐसा सोचना कि ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज भी पहली गेंद से ऐसा करने में सफल रहेंगे, यह सही नहीं होगा।"

उन्होंने आगे कहा, "इंग्लिश गेंदबाज अपनी यहां की कंडिशंस को सबसे अच्छे तरीके से समझते हैं। वहीं, विराट को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने में मजा आता है। यह हम ऑस्ट्रेलिया में देख चुके हैं। उनके आंकड़े बताते हैं कि वह कितने बेहतरीन बल्लेबाज हैं। विराट को कॉन्टेस्ट में काफी आनंद आता है और वह कभी भी पीछे नहीं हटते हैं।"

**विराट को रास आएगा ओवल**

ग्रेग चैपल के अनुसार विराट को ओवल का मैदान काफी रास आएगा। उन्होंने कहा, "मेरे अनुभव के मुताबिक ओवल के मैदान पर अच्छा बाउंस मिलता है, जो विराट को रास आएगा। आपके मुझसे कहा है कि वहां पर मौसम एकदम सूखा हुआ है। अगर मौसम आगे भी ऐसा ही रहता है, तो ओवल में कंडिशंस ऑस्ट्रेलिया के विकेट जैसी होगी और यह कंडिशंस विराट को पसंद आएगी। वह काफी अच्छे प्लेयर हैं और मैच में अकेले दम पर अंतर पैदा कर सकते हैं।"

## फिल्मी सफर

# निर्माता शंकर नायडू की फिल्म भारतीयन्स भारतीय शहीदों को देगी साहसी श्रद्धांजलि




देशभक्ति की भावनाओं और गर्व का कोई मापदंड तय नहीं किया जा सकता। खासकर, भारत में जिस तरह लोग राष्ट्रवाद का आह्वान करते हैं वैसा कोई और नहीं करता। और सिनेमा से बेहतर कुछ भी नहीं है जो दर्शकों के दिलों को बेहद प्यार से भर दे। दर्शकों के लिए असरदार और आश्चर्यजनक सिनेमा प्रस्तुत करने वाले निर्माता शंकर नायडू अदुसुमिल्ली अपनी आगामी फिल्म भारतीयन्स को लेकर काफी उत्साहित हैं। स्वयं को एक गौरवशाली भारतीयन (भारतीय) कहते हुए डॉ शंकर भारत माता का पुत्र होने पर सम्मानित महसूस करते हैं।कई अवसरों पर उन्होंने भारत के प्रति अपने अटूट प्यार को व्यक्त किया है और यह फिल्म हिंदुस्तान के लिए एक ट्रिब्यूट है। यह आने वाली हिंदी फिल्म दीना राज द्वारा लिखित और निर्देशित है और इसमें निरोज़ पुचा, सुभा रंजन, सोनम थेंडुप बरफुंगपा, समायरा संधू, पेडेन ओ नामग्याल और राजेश्वरी चक्रवर्ती सहित कई मुख्य कलाकार हैं। फिल्म का पहला लुक 2022 की शुरुआत में जारी किया गया था, और यह देशभक्ति की भावना जगाता है। फिल्म की कहानी में सभी भावनात्मक तत्व हैं जो दर्शकों को अपने देश भारत पर गर्व महसूस कराएंगे। सूत्रों की मानें तो, भारतीयन्स में प्यार, एक्शन, ड्रामा और देशभक्ति सबकुछ है।

डॉ. शंकर ने फिल्म के बारे में कहा, इस फिल्म के निर्माण के पीछे प्राथमिक कारण दर्शकों को एक शक्तिशाली कहानी बताना था। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे एक साधारण व्यक्ति एक योद्धा में बदल सकता है ताकि देश की रक्षा की जा सके। इसके अलावा, शंकर नायडू अदुसुमिल्ली ने कहा कि पड़ोसी देश चीन सबसे बड़ा खतरा है जो जमीन पर कब्जा करना चाहता है और भारत का नक्शा बदलना चाहता है।इसके अलावा, निर्माता ने हाल ही में कोरोना वायरस महामारी पर अपना रोष जाहिर किया। वुहान लैब में वायरस के रिसाव के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराते हुए डॉ. शंकर ने कहा कि घातक वायरस ने दुनिया भर में लाखों लोगों की जान ली है। निर्माता के गुस्से की दूसरी वजह यह है कि जून 2020 में गलवान घाटी में चीन द्वारा 20 भारतीय सैनिकों को शहीद कर दिया गया।

## अरशद वारसी और बरुण सोबती स्टारर असुर 2 जियो सिनेमा पर हुई रिलीज

हिंदी वेब सीरीज में असुर का कोई मैच नहीं हैज्। ये कहना है फैंस का। अरशद वारसी और बरुण सोबती की वेब सीरीज असुर का दूसरा सीजन असुर 2 रिलीज हो गया है। इसे जियो सिनेमा पर देखा जा सकता है। इसके दो एपिसोड स्ट्रीम हुए हैं, जिसे देखने के बाद पब्लिक के होश उड़ गए हैं। उनका कहना है कि ये पहले सीजन से भी ज्यादा दमदार है। इसमें सस्पेंस, थ्रिलर, एआई टेक्नोलॉजी का गलत इस्तेमाल, माइथोलॉजी, कलयुग, विष्णु के 10वें अवतार और आखिरी में एक ऐसा सवाल, जो आपका सिर घुमा देगाज् ये सबकुछ देखने को मिलेगा।

असुर 2 में अरशद और बरुण के अलावा रिद्धी डोगरा, मियांग चेंग, गौरव अरोड़ा, अनुप्रिया गोयनका और एमी वाघ भी हैं। ये सभी स्टार्स पहले सीजन का भी हिस्सा थे। इसे ओनी सेन ने डायरेक्ट किया है। अरशद ने इसी सीरीज से ओटीटी की दुनिया में डेब्यू किया था।

# बच्चों के साथ अपने व्यवहार को लेकर सावधान रहे माता–पिताः निम्रत कौर



अपकमिंग स्ट्रीमिंग सीरीज स्कूल ऑफ लाइज में एक स्टूडेंट काउंसलर की भूमिका निभा रहीं एक्ट्रेस निम्रत कौर का मानना है कि माता–पिता को बेहद सावधान रहने की जरूरत है कि वे अपने बच्चों के आसपास कैसे व्यवहार करते हैं क्योंकि आज के बच्चे तेजी से सीखने वाले हैं और माता–पिता का व्यवहार उनके प्रारंभिक वर्षों में बच्चों पर एक अच्छी छाप छोड़ता है। स्कूल ऑफ लाइज एक बोर्डिंग स्कूल में टीनएजर के सफर को को दर्शाता है।

माता–पिता और उनके बच्चे के बीच की गतिशीलता कैसे बदल रही है, इस बारे में बात करते हुए निम्रत ने बताया, आजकल के युवा बच्चों के पास खुद का दिमाग है, वे अपनी पसंद खुद बनाना चाहते हैं और हर समय हर चीज से आगे रहते हैं। माता–पिता को बहुत सावधान रहना होगा कि वे अपने बच्चों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। मुझे लगता है कि हमारे वक्त में चीजें बड़ी आसान थीं, उस वक्त इंटरनेट नहीं होता था, हमारे पास स्मार्टफोन नहीं होता था। हमारे दिमाग के अलावा कोई और ऐसी चीजें नहीं थी, जिनपर हमारी पहुंच हो।

एक्ट्रेस ने कहा, आज के बच्चे दो–तीन दशक पहले की तुलना में बहुत अलग हैं। आज के बच्चे कुछ मायनों में खुद ही बड़े हैं। वह टेक और कल्चर दोनों से जुड़े हुए हैं। यहां तक कि अपने माता–पिता के साथ भी उनके संबंध लगातार विकसित हो रहे हैं।

स्कूल ऑफ लाइज में आमिर बशीर, गीतिका विद्या ओहल्यान, सोनाली कुलकर्णी और जितेंद्र जोशी भी हैं। सच्ची घटनाओं से प्रेरित और बीबीसी स्टूडियोज द्वारा निर्मित, यह ईशानी बनर्जी और अविनाश अरुण धावरे द्वारा बनाई गई है।

# सामने आया पाइन कोन का फर्स्ट लुक, इस दिन रिलीज होगी समलैंगिक प्रेम कहानी



जाने–माने मूवी निर्माता और एलजीबीटीक्यू समुदाय के लिए एक मज़बूत आवाज निर्देशक ओनिर ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म पाइन कोन के पहले पोस्टर का अनावरण भी कर दिया है। मूवी रियल लाइफ अनुभवों से आने वाले सिनेमा में एलजीबीटीक्यू समुदाय के सच्चे प्रतिनिधित्व के लिए एक शक्तिशाली समर्थक के रूप में दर्शा रही है। पाइन कोन 7 जून को दक्षिण एशिया के सबसे बड़े समलैंगिक मूवी फेस्टिवल, कशिश का उद्घाटन करने के लिए तैयार हो चुकी है, जिसमें एक समलैंगिक पुरुष की परत दर परत प्रेम कहानी को दर्शकों के सामने आने वाली है और उन्हे एंटरटेन करने के साथ साथ दर्शकों को एक नई दुनिया का अनुभव करवाएगी इसमें प्रेम, हार और चाहत है। खबरों का कहना है की एक समलैंगिक व्यक्ति के रूप में, ओनिर ने अपने करियर को उन कथाओं को तैयार करने के लिए समर्पित कर दिया है जो एलजीबीटीक्यू समुदाय और प्रेम, समानता और स्वीकृति की दिशा में उनकी यात्रा का जश्न सेलिब्रेट कर रहे है। पाइन कोन उनके पोर्टफोलियो में एक और उल्लेखनीय जोड़ है, जो रूढ़िवादिता को चुनौती देते हुए एलजीबीटीक्यू समुदाय की इच्छा बिना फिल्टर की खोज भी कर रहे है।

# अदा शर्मा ने 40 घंटे तक नहीं पिया पानी, माइनस 16 डिग्री में की शूटिंग



द केरला स्टोरी की अभिनेत्री अदा शर्मा ने फिल्म की शूटिंग के दौरान बेहद मुश्किल हालात में तैयारी की और 40 घंटे तक पानी का एक घूंट भी नहीं लिया।

अदा ने अपने सोशल मीडिया पर द केरला स्टोरी के शूट से कुछ चौंकाने वाली तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने तस्वीरों को कैप्शन दिया : सनकिस्ड, आफ्टर एंड बिफोर फ्रॉम हैश दकेरलास्टोरी .. ऐसे फटे होठों का राज.. माइनस 16 डिग्री में 40 घंटे तक डिहाइड्रेट करना हैश सनकिस्डमेकअप हैश अदाशर्मा एटदरेट मेकअपबाइश्याम पी.एस.। गिरने का अभ्यास करने के लिए गद्दा रखा गया था .. लेकिन हमने इसका इस्तेमाल नहीं किया, घुटनों में चोट और कोहनी पर चीला हुआ, लेकिन उफ्फ इतना अच्छा है कि आखिरी तस्वीर बालों में मुीभर नारियल का तेल, सुरक्षा पिन और तंग चोटी है।

अदा ने कहा, एक कलाकार के तौर पर ऐसा काम करना खुशी की बात है, जो मुझे मानसिक और शारीरिक रूप से आगे बढ़ाए। मैं जितना हो सके, आश्वस्त दिखना चाहती थी। मैं खाने की बहुत शौकीन हूं और मैं आमतौर पर एक दिन में पांच लीटर पानी पीती हूं, इसलिए यह मुश्किल था। लेकिन अगर आप अपना दिमाग लगाते हैं तो कुछ भी संभव है।

एक सूत्र ने कहा : अदा आश्वस्त दिखना चाहती थीं, इसलिए अफगानिस्तान के उन हिस्सों के लिए जहां वह आतंकवादी शिविर से भागती हैं, चरित्र में रहने के लिए, उन्होंने पानी नहीं पिया।

हमने –16 डिग्री और बहुत कम ऑक्सीजन में कठिन परिस्थितियों में शूटिंग की। यूनिट के सदस्य बीमार कह रहे थे लेकिन अदा ने भोजन और पानी के बिना भी अच्छी तरह से काम किया।

अदा ने कमांडो, द गेम ऑफ गिरगिट और टिब्बा की शूटिंग पूरी कर ली है।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382—222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com